खर खर खर खर कलम चलत है कागज सरकत जाय, 2
बात ला बताये दे मनै की खुशी आय तोला आयो कतो।।
खावत के तो थाली छोडे पीयत के तो लौटा ,,2
खेलत के तारे संगी छोड़े फिरत हो अकेला तोहा आती कहो।।
लावा दुरकय, तीतर दुरकय और दुरकय मंजूर.. 2
बडे सबेरे उठकर देखू भग कै कितना दूर, तोला मांही कतो।।

djek ygdh :–

पहाड़ के पठार में गांव बसा है। नौ कोरी याने नौ बीसी घर है। मोर जहा पंख फैलाकर नाचते है,नील गाय बिफरकर कर चर रही है ऐसे गांव का मैं निवासी हूं फिर में तुझे ऐसा छिपा लूगा जैसे काली बदली में चंदा छुप जाता है। मैं तुझे पत्ते के जैसा उड़कार ले जाउंगा। मैंने सुआ के हाथोंकौयलिया के हाथो संदेश भेजा। तुम नही आए। सबकी जोड़ी है सिर्फ में अकेला घुमरहा हूं। अरे भाई किसी तरह निबाहोगे तभी तो बनेगा। (सुनिये लहकी करमा गीत में दो प्रेमियों के मन की बाते।

दादरया गॉव बसे नौकरी छानी मंजूर झाली भो जहां लील बगैर है ,,।

ये सिरजन हारा मंजूर झाली और जहां लील बगैर है। ...।

कारी बटुरिका में चंदा छिपे हो ... हाय रे।

वैसे छिपाया लो हो तोला मंजूर झाली जहां लील बगैर है..।

सड़कन सड़कन पत्ता उड़ते हो....हाय रे।

वैसे उडाय ले तो तोला मंजूर झाली ओ जहां लील बगैर है।।

कक्का के हाथों कागज लिख भेजो .....हाय रे।

सुआ के हाये संदेशा मंजूर झाली हो जहा लील बगैर है।

कारी कोइलिया कागज लै ये जो हो.... हाय रे।

उर भेंटा भेजों संदेश। मंजूर झाली ओ जहां लील बगैर है।

कलमी या ढलकी टांगे कंधे मा चिकारा हो,,,,हाय रे।

बाजार ला जावे लय ला पनही हो.....हाय रे।

धीरे बाने जरन जावे बन होगा मंजूर झाली जहां ....।

djek <k<h %&

बिछुडे हुए जो प्रेमी जोड़ा संयोग से जब कभी मिलते है तो अपने मन की पीड़ एक दूसरे को बहलाने के रूप में सुनाते है। सुनिए इस करमा गीत में तडपन मिलन और शिकवे को–

धन रे मनुख चोला परदा मॉ राखी तोला कै शेखदावे चोला दोहरे।

1

न मोला खाय जाये, न भोला पीये जाय हो...रे हो।
धोख परे पर कहू न सुहावै, धन रेमनुख चोला।

2

दी तीर में कैसे खड़े है पानी गदला होय हो,,, रे हो।
तुम छा गोरे हम सावरे कैसे मिलन होय रे। धन रे मुनख

3.

खडपड खडपड टांगय बालै आरी में करली फेंट हो,, रे हो।
गाड़ा सरई बाजार में आवे तब हो ही भेंटरे,, धन रे।

djek xhr %&

वर्षा की रात। प्रीतम की याद में सारे रात दिन मन तड़प रहा है। मन कहता है, ज्यादा प्रीत मत करना नही तो घबड़ाकर मर जाआगे। यहाँ मैने रात को सेवा के लिए तुम्हें बुलाया है। दिन में भी तुम्हारा स्वप्न देखती हूं। अरी बाई तुम हमारे पीछे आ जाना में ही तुम्हारे साथ अच्छा लगूंगा। हम दोनो जीवन में मौज करेंगे। विरह की तड़पन और मिलन का सुख भविष्य के सपने इस गीत में साकार हैं।

हाथ पानी बरसैय हाय पानी बरसैय हाय रात और बिहाने चोला तरसेय रे...।

झिरसिर पानी बरसै ओस गिर पतझर के।

आने माया झिन करबे मर जावे तें हदर के, पानी बरसेय हाय।।

मौहा के झरती कोहा के फरती..।

आधी रतिया बुलायों सेवा के परती, पानी बरसेय हाय।।

नदी के तीर मां पकरेला गुल हूँ..।

तोर संग वैया महिचखुल हूँ पानी बरसेय हाय...।

हाथ भर चुढ़ी पछारू ककना..।

दिन मां तो झूलम राते के सपना पानी बरसेया हाय..।।

गये ला तो डोंगर कटे ला साजा..।

दोनो झा करनों जियत के मजा.. पानी बरसेय हाय..।।

djek ygdh xhr %&

जीवन के हर व्यापार में प्रेम का रंग घुला है। प्रेमी से अनुरोध है खेत में नीदा कोंदो फेंकने चले, परन्तु संशय भी है कि चार के बीच में नजरों से कैसे बातें होंगी। प्रेम तो है, दूर का हो या पास का नजरें तो मिल ही जायेंगी। फिर कृषि कार्य की बात आती है। हार, पहोर जोत रहे हो पानी गिर रहा है काला कम्बल ओढ़ लो। मैं बोझा की रस्सी रख लेता हू। तुम कोदो झेकने के लिए हंसिया रखलो। बांस की पूठी निकाल कर खुमरी बनायेंगे। तभी तो कोदों और कुटकी से कोठी भरेगी। ये ही भाव इस गीत में पिरोये गये है :–

खेतय में कांद चल संगर रे.. हाय रे.. सब सगत कैसे मिला

वो नजरी रे...।

पथरा में ढौठ पथर जाये हो...।

दुरिहा के माया नजर डोली जाय हो... हब संगत..।

ओगर जोतों डोगर जोती अर जोतो टिकरा हो...।

पानी गिरथ खुमरी ओढ़ो ओढ़ो... हव संगत..।

गोरी तो डोरा उधरा बाधी हो...।

घर लेवेहसिया फेंके ला कांदी... हब संगत...।

पुठी तो काटय ढानाके खुमरी...।

कोदो श्रोर कुटकी से भरही बरवरी... हव संगत।।

djek o"kk xhr %&

आकाश में बादल घिर आये है, खुशी में मेरा हृदय लहरा रहा है। झर झर पानी बरस रहा है नाले एवं नदियां में बार आया है। चतुर किसान कंधे पर हलघर के और छतरी लगाके खेतों में निकले हैं रूखे खेतों में जवानी फूट पड़ी है खेतो में हरी हरी फसल लहरा रही है, कोदो एवं कुटकी भर जायगी और सब विपत्ति दूर हो जाएगी।

बादर घुमड़ गिर जाये खुशी में मेरा हीरा जिया लहराये।

झर झर झरझर पनिया बरास रहे।

नाला नदी उतराये खुशी में मोरा हीरा लहराये।।

कांधे में हलधरे चतुर किसान।

निकरे हैं छतरी लगाये खुशी में मोरा हीरा जिया लहराये।।

रूखे सूखे खेतन में फूटे जवानी।

हरिया फसल लहराये खुशी में मोरा हीरा लहराये।।
कोदो और कुटकी से भर गए बखेरी
सबका विपत कट जाये खुशी में मोरा हीरा जिया लहराये।।

djek cnjk xhr %&

आकाश में चारों ओर काले बादल घुमड़ रहे है। वे किस तरफ घुमड़ते हैं। कौन तरफ गरजते हैं और कौन तरफ बरसते है काले बादल धुमड़ रहे है।

वे पूरब की तरफ घुमड़ते है पश्चिम की तरफ गरजते है पर बरसते पहाड़ की तरफ हैं। काले बादल चारों तरफ घुमड़ रहें हैं।

घमड़ रहे चारों खूट कारे बदर घुमड़ रहे,
कौन पटी घमड़े को पटी गरजे।
कौन पटी बूंदा ला चुहाये कारे बादर धुमड़ रहे।।
अगुम पाटी घुमड़े पटुम पाटी गरजें।
डोगर पाटी बूंदा ला चुहाये कारे बादरा घुमड़ रहे।।
अगुम पटी उधरे पहुम पटी गरजे
डोगर पटी कोटी भर जाये कारे बादर धुमड़ रहे।।

djek fcjg xhr %&

बिना देखे ये हृदय नहीं मानता है, खाना पानी छूट गया और आग के पास बैठे बैठे सारी रात कट जाती है। ये शरीर नहीं

मानता। झाड़ी जंगल नदी नाले सब ढूंढ लिया तुम कहां निकल गए हो। नहीं मिलते हो आम के बगीचे में कोदो के खलिहान में बैठे बैठे और तुम्हारे संगत को सोचते सोचते सबेरा हो जाता है शरीर के भीतर आग जलती है ऊपर से धुंआ निकलता है। आंसुओ की नदी बहती है जब तुम्हारी याद आती है। तुमने मेरी याद कैसे भुला दी गली गली तुम्हें ढूंढ रही हूं य जीव पन्ने के समान उड़ रहा है।

ओ हो हाथ बिन देखे पराना चोला नहीं आने रे।
लोटा के तो पानी छुट ओर थारी के भात।
कोंड़ा ढ़िगा बैठे बैठे कट जाथै यह रात चोला..।।
दादर झांवर तोला ढूंढा डोंगर बीच मझाय।
सब पतेरन तोला ढूंढो कहां निकर गय जाय चोला।।
आमा के अमरैया कैसे और कोदो, खरिहान।
मन में घोलत घोखत सगी हुई जाथै बिहान चोला।।
चोला भीतर आगी बरथे ऊपर ते गुगु आवे।
असुअन के तो नन्दी बोहथै सबै सुरता आवै चोला।।
कैसे मा तो माया छोड़े सुरता मोर भुलाये।
गली खोरी तोला खोनो हंसा रैन उड़ाये चोला...।।

djek yxMk %&

जिस पक्षी को प्यार से पाला है उसे मत मारो। लोहे के पिंजरे में यह भोला सा पक्षी, प्रेम के फसके भूल गया है। अरे पक्षी तू तो दूर देश का है। भग जायेगा फिर हमारी याद नहीं करेगा। रेत में लगा हुआ वृक्ष और चुनहटी का चूना पानी के बिना मर जाते है। मूर्ख पतिंगा दीपक के जलती हुई बाती में बिना सोचे समझे जल जाता है। महुल पत्ते की ढोला में करोंदा पौधे की छांव में जी भरके सूठ खेल लो।

झिन मारे रे पोसे परोना ला झिन मारो रे।
लाहा के पिंजरा में भोला सा पंछी।
मांया में फंसके भुलाय भला झिन मारोरे।।
भग जावे पंछी ते तो दूर देशन में।
न करने सुरता हमार भला झिन मारो रे।।
रेती का बिरछा चुनहटी का चूना।
पानी बिन मर जाय भला झिन मारो रे।।
दिया की बाती में मुरख पतगा।
सोचे बिन जर जाये भला झिन मारो रे।
माहुल के बेला करोदा की छैया।
खुल खेले हसां श्रघाये भला झिन मारो रे।।

djek uR; d iidkj %&

यूं तो करमा नृत्य के अनेक शैलियां है लेकिन छत्तीसगढ़ में पांच शैलियां प्रचलित है, जिसमें झुमर, लंगरा, ठाढ़ा, लहकी और खेमटा है, जो नृत्य झूम झूमकर नाचते है उसे झुमर करमा कहते है। लहराते हुए नृत्य करने को लहकी कर्मा कहते है। एक पैर झुकाकर नाचे जाने वाले नृत्य को लंगड़ा करमा कहत, आगे पीछे पैर रखकर, कमर लचकाकर किया जाने वाला नृत्य खेमटा है, खुशी की बात ये है कि छत्तीसगढ़ का हर गीत इसमें समाहित हो जाता है, कर्मा नृत्य में स्त्री पुरूष सभी भाग लेते है, वह वर्षा ऋतु को छोड़कर सभी ऋतुओं में नाचा जाता है, सरगुजा के सीतापुर के तहसील रायगढ़ के जशपुर और धरमजयगढ़ के आदिवासी इस नृत्य को साल में सिर्फ चार दिन नाचते है, एकादशी करमा नृत्य नवाखाई के उपलक्ष्य में संतान की प्राप्ति, संतान के लिए मंगल कामना, अठई नामक कर्मा नृत्य और दीपावली के दिन कर्मा नृत्य युवक–युवतियों के प्रेम सराबोर होता है।

o'kHk"kk ¼oL=@ vkHk"k.k½ %&

करमा नृत्य में मयूर पंख का झाल पहनते है, पगडी में मयूर पंख के कांडी का झालरदार, कलगी, खोचता है, रूपया, सूता, बहुटा और करधनी। जैसे आभूषण पहनता है, कलई में चूरा और बांह में बहुरा पहने हुए यूवक की कलाइयों और कोहनियों का झूल

नृत्य की लय में बड़ा सूंदर लगता है, नृत्य की शैलियों बदलती है। इसमें गीता के टेक समूहगान के रूप पदांत में गुंजते रहते है। पदों में ईश्वर के स्तुति ये लेकर श्रृंगार परक गीत होते है, मांदर और झांझकी लय–ताल पर नर्तक लचकलयात्मक कर भांवर लगाते हिलते डुलते, झुकते, उठते ये वृत्ताकार, नृत्य करते है।

उपवास कर्मा की मनौती मानने वाला दिन भर उपवास रखता है और अपने सगे संबंधियों और पड़ोसियों को न्योता देता है, शाम के समय करमा वृक्ष की पूजा की जाती है फिर टंगिये के एक ही वार से डाल को काटा जाता है,उसे जमीन में गिरने नहीं दिया जाता,उस डाल को अखरा में गाड़कर स्त्री–पुरूष रात भर नृत्य करतेहै, सुबह डाल नदीं में विसर्जित कर देते है, उस अवसर पर गीत भी गाते है। उठ–उठ करम सेनी पाही गिस विह़ान हो

चल–चल अब गंगा असनांद न हो।

नाक में फूल्ली, नथ, नथनी, लवाग, बुलका, धारन करने का प्रचलन है, गाला में सूता, पुतरी, कलदार, सुर्रा, संकरी, तिलरी, हमेल, हसली जैसे आभूषण गले में शोभित होते है।

बांजू, कलाई और ऊंगलियों, चुडी, बहुटा, कड़ा, हरहय्या, बनुरिया ककनी, नागमोरी, पटटा, पहुंची, ऐठी, मुंदरी (छपही, देवरही, भवर ही) पहना जाता है।

कमर में भारी और चौड़े कमर बंध– करधन, पहनने की परंपरा है और पैरो में तोड़ा, साटी, कटहर, सूखा पैजम, चुटकी, विछिया (कोतरी) पहना जाता है, बधनखा, ठुमड़ा, मथूंला, झूगवा, ताभिज आदि बच्चो के आभूषण है। तो पुरूषों में चुरवा, कान की बारी, गले में काठी, पहनने का चलन है, छत्तीसगढ़ की संस्कृति में आभूषणों की पृथक पहचान व बानगी है।

आदिमयुग से ही प्राकृतिक और वनस्नपतिक उत्पादक से लेकर समाजिक विकास काम में बहुमूल्य धातु और रत्नों का प्रयोग होता रहा है, लकड़ी, बास, फूल, पत्ती, पंख, कांच, कौड़ी और पत्थर जैसे अपेक्षाकृत सौभाविक और आकर्षक लगने वाले मोल रहित पदार्थो को सौंदर्य–बोध से अपना कर उनसे सजा संवारा गौख, सौदंर्य के फल, स्वरूप है, वही बहुमूल्य धातुओं और रत्नों के निविध प्रयोग से छत्तीसगढ़ आभूषण, राज्य की सांस्कृतिक और कलात्मक गौरव गाथा के समक्ष प्रतीक है।















xkuk %&

गोदना की प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। न ही सिर्फ भारत वर्ष में बल्कि विदेशों में भी। जैसे अफ्रीका, आस्ट्रेलिया में भी, अमरीका में लोग गुदना के साथ कुछ गुणो को जोड़ते है, जैसे अगर किसी के शरीर में बहुत सारे गोदना के चिन्ह है तो वह व्यक्ति बहुत साहसी है। साहसी तो उन्हें कहना चाहिए क्योकि इस गोदने की प्रथा में शरीर में बहुत व्यथा होती है, फिर भी वे करता है।

यह प्रथा एक कला है। अंग प्रत्यंग को सुन्दर बनाने की भावना के कारण ही गुदना की जाती है। इसके साथ हुई लोक विश्वास जुड़े हुए है, जैसे कुछ जनजाति का यह मानना है कि गुदना का चिन्ह अगर शरीर में है तो उसे नज़र की नगेगी।

गोंड जनजाति गुदना को काला कुत्ता जैसे मानते है काला कुत्ते को समाज बहुत अशुभ मानता है और उसे कोई चुराता नहीं। उसी तरह जिस शरीर में गुदना का चिन्ह है उसे कोई नहीं चुरायेगा। गुदना के साथ सक्षमता को जोड़ा जाता है। जैसे गोंड जाती के लोग यह मानते है कि जो बच्चा चल नही सकता चलने में कमजोर है उसके जाँघ के आसपास गोदने से वह न सिर्फ चलने लगेगा, बल्कि दौड़ना भी आरम्भ कर देगा। लोक मानते है कि गोदने कारण शरीर में बिमारियों से बच जाता है। मनुष्य स्वस्थ रहता है। जैसे सुई शरीर में चुभाकर एक्यूपंचर (Acupunture) कई बिमारियाँ दूर करते है। उसी तरह गोदना भी शरीर को स्वस्थ

रखने मदद करती है। सुई से अगर ठीक ठीक नर्भस (Nerves) को छुआ जाते, तो शरीर का स्वस्थ होना संभव है। कुछ लोगों का यह मानना है कि गोदना कारण आत्मायें क्षति नहीं पहुंचा सकती। गोदना बालोर का रस और बबूल के काटे के द्वारा। बबूल के कांटे को बालोर के रस में डुबों कर शरीर में उस कांटे को शरीर में चुभाकर गोदना गुदवाये जाते है। बैगा जनजाति कवर्धा (बिलासपुर) में रहते है, वे गुदना को बहुत अहमियत देते है। गोदना प्रथा के लिऐ भिलवां रस, मालवन वृक्ष रस या रमतिला के काजल को तेल के धोल में फेंटकर उस लेप का इस्तेमाल किया जाता है। आठ के उम्र में पहला गोदना गुदवाना प्रारम्भ होता है, महिलाएं शादी के बाद भी गुदवाती रहती है, स्त्री गुदना गुदवाने को अपना धर्म मानती है, जो स्त्री अपने पर गुदना गुदवाती है उसका मान समाज में बढ़ जाता है, कपाल, हाथ, जांघ, छाती, पर गुदवाते है बरसात के महीने में गुदना नहीं गुदवाते है बाकी किसी भी समय गुदना गुदवा सकते है। पुरूष गुदना एक चिन्ह के रूप राम, गदा, त्रिशुल, बाना गुदवाते है। कई जातियों में गोदने वाली महिलायें होती है जो गोदने की कला में निपुण है। जो जातियों सबसे ज्यादा निपुण है वे है वादी, देवार, भाट, ओझा। गोदना की आकृतियां कई प्रकृति से संबंध है। जैसे विच्छू, मोर, सूर्य, तारा चन्द्रमा, सिहासंन, धरती वृक्ष, अश्व, पूजा और ना जाने कितनी आकृति।

इनकी अपनी कुछ मान्यता है यदि गुदना नहीं किया गया तो भगवान भरते समय सब्बल से गोदेंगें ऐसा मोर आजी कहती थी,

रूपया पैसा सब छुट जायेगा, यही चिन्ह हमारे साथ रहते है, वर्ना जलाते समय या गाड़ते समय तन पर सन की एक सुतली तक नहीं रहने दिया जाता। गुदना का दान किया जाता नतिहाल द्वारा।

गुदना बहुत ही प्राचीन और बहुत ही मनमोहक कला है। करमा नर्तक के महिला कलाकार अपने तन पर यह प्रकृतिक आभूषण गुदवाते है।

वस्त्र : करमा के कलाकार वस्त्र सामान्य घर में जो पहनते है वे होते है। मंच पर आने के लिए कुछ मंचीय वेशभूषा पहनते है लुगरा (झाड़ी) लाल रंग लुगरा माड़ी (धुटना)के ऊपर, पोलखा (ब्लाऊज) पटटी वाली, सिर पे मोती माला, खोपा में फुदंरा, कलगी (मोर पंख की)

आभूषण : हाथ में ऐढी, बांह में बहुरा नाम मोटी, पटटा

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विशेषता का सौन्दर्य यह है कि आभूषणो में निहित है उम्र वर्ग समाजिक दर्जे और भौवलोकिक कारक से वर्गीय किरित होता है, आभूषणों का भेद, इसे व्यापक और समृद्ध कर देता है आभूषणों के रूप में सौन्दर्य की कलात्मक चेतना का एक आसयाम हजार साल से जीवन है और आज भी सुनहरे रूपहले पन्नों की तरफ प्रकट है। प्राकृतिक एवं अंचल श्रृंगार, मानव के श्रृंगार यहां सोना, चांदी, लोहा, अष्टधातु, कांसा, पीतल, गिलट, जर्मन आदी कुशकुट (मिश्र धातु) मिट्टी, काष्ठ, बांस लाख के गहने प्रचलित है सोलह श्रृंगारो गहना, ग्रहण करने के अर्थ में है और आभूषण अर्थ अलंकरण है जनजातीय आभूषणो पर

गोत्र चिन्ह अंकित करने कह प्रथा है आभूषण धार्मिक विश्वास, दाशर्णिक, चिंतन, सौन्दर्य बोध और समाजिक संगठन का भी परिचायक होता है।

शरीर के विभिन्न हिस्सों में से सिर के परांपंगत आभूषण बाल, जुड़े, व चोटी में धारण किय जाते है जिसमें जंगली फूल, पंख, कौडिया, सिंगी, ककई, कंघी, मांग मोती, पटिया, बेंदी प्रमुख है। चेहरे पर टिकुली के साथ के साथ कान में, ढार, तरकी, खिनवा, आयरिक, बारी (बाली), फल संकरी, लुढ़की, नवाग फूल, खुटीकरण फूल, तितरी धारण की जाती है।

lxhr %&

संगीत में नाद ब्रह्म की चर्चा की जाती है और आध्यत्म में अनहद की नाद शरीर के भीतर आत्मा में पैदा होने वाला संगीत है शरीर से बाहर यह नाद केवल वाद्यों की संगति से पैदा किया जा सकता है ज्ञानियों ने बताया है कि यौगिक क्रियाओं के आश्रय से कुण्डलिनी जागरण और सहस्रार में 'अनहद' को जगाया जाता है, जो स्वर्गिक संगीत होता है। यही संगीत नाद ब्रम्हा कहलाता है संगीत का प्राण नाद है। विश्व के कण कण में संगीत परमात्मा के अंश की तरह व्याप्त है कहीं अव्यक्त और कहीं व्यक्त। बादलों का गर्जन, नदियों–झरनों की कल निनाद करती जलराशि, जंगलों–पहाड़ो में पक्षियों का कलरव ये सब शाश्वत संगीत का विवधि रूप ही तो है।

शैव परम्परा से डमरू, शात्क से वीणा और वैष्णव से बांसुरी क्रमशः धन तंतु और सुषिर वाद्य की उत्पत्ति कथाओ से संबंध है। इस दृष्टि से संगीत भारतीय ज्ञान परम्परा की समग्रत का उद्घोष है। लोक का संगीत इन तीनों ही बाध्य प्रकारों की संगति से अपने गायन नर्तन की भावाभिव्यकि्त करता रहा है।

बाजे ने मानव को उल्लास दिया या उल्लासित होकर मानव ने बाजे का प्रयोग किया, कहा नहीं जा सकता मगर यह जरूर सोचा जा सकता है कि मानव बाजे का सर्जक है, चिर सखा और सफल प्रयोग धर्मा रहा है। मानव की क्रियाशीलता कल्पना और हाथों के प्रयोग की कुशलता इसी में रही है कि उसका विचारित काम हो गया बस यहा बाजे के साथ भी समझा जा सकता है कि बज गया तो बाजा और बिगड़ गया तो भाड़। बाजा भी तब तक बाजा है, जब तक कि वह बजता है या बजने का सामर्थ रखता है। बाजे के बिना संगीत पूरा नहीं होता है। शास्त्र तो कहता है

गीतं वाघं नृत्यं त्रयं संगीत मुच्यते।

वाद्य सर्जको ने समस्त वाद्यों से निकलने वाले प्राणी जगत के स्वर की समानता को बहुत पहले ही खोज लिया था बहुत संभव है कि प्रागैतिहासिक काल में जबकि मानव गृहावासी था और आखेट पर निकलता होगा, तब वह वाद्यों का सहारा लेता था, और उनके स्वर का प्रयोग शिकार को आकर्षित करने के लिए करता रहा होगा। जैसा कि साँपो को लुभाने के लिए आज भी बीन वादन किया जाता है, जबकि अब यह जान लिया गया है कि सांपो के कान ही नही होते हालांकि इसके मूल में आखेट की

सफलता के बाद अभुरंजन भी रहा ही होगा। जैसे ग्रंथो का मत है कि षड़त्र स्वर की ध्वनि मयूर के जैसी होती है। वृषश्रस की ध्वनि गाय के रम्भाने के जैसी होती है। गांधार की ध्वनि बकरी की जैसी होती है। मध्यम की ध्वनि कौच्च पक्षी की नारी जैसी है, पञचम की ध्वनि साधारण समय में पुष्पों में बैठी कोयल की सी होती है। धैवत् की ध्वनि घोड़ो के हिनहिनाने के जैसी होती है। निषाद की ध्वनि हाथी की चिड़ाहने के जैसी होती है कण्ड से षड़त्र की ध्वनि का उच्चारण होता है। शीर्ष से ऋषभ तथा नासिका से गान्धार का डर यानी हृदय से मध्यम का उच्चारण होता है, हृदय, शीर्ष व कण्ड से पञचम तथा तालु से धैवत का उम्हव होता है। निषाद सब तरह से जाना जाता है। इतने स्वरों के स्थान कहे जाते है।

ok?k;= %&

करमा नृत्य में मांदर और झांझ–मंजीर, प्रमुख वाध्यचंण है, इसके अलावा टिमकी, ढोल, गुदूम, मोहरी, बांसुरी, अगगोला, बांस के खर्रट, आदि का प्रयोग होता है। इन वादयों यंत्र के निर्माण प्रकृति का लोक कलाकारों से मिलने पर अपनी हर वाद्य की अपनी एक कहानी है, जन्म के इन वाद्यों की आवाज की जिसका विस्तार से वर्णन करने की प्रयास है।

मांदर

झांझ

मंजीरा

मोहरी

टिमकी

गुदूम

बांसरी



मांदर



गुदुम (सींग बाजा)



करताल झांझ



टिमकी



झांझ



झांझ



दोहरी (जोड़ा बांसुरी)



आदीवासी ढोल



माड़िया ढोल



ठड़का

दफड़ा
नकडेवन
पुंगी

मंजीरा

घण्टी


मोहरी
तोड़ी (सींग की)
तुरही



खड़ी बांसुरी



आड़ी बांसुरी

rky okn; eknj&

छत्तीसगढ़ में मांदर, नगाड़े, ढोल आदि अनेक आकार प्रकार में प्रचलित है। मांदर मृढंग का उपभ्रंस है। बड़ा मांदर 84 घर का ओर छोटा 64 घर का होता है। मांदर बनाने का काम घसिया जाति के लोग करते है मिट्टी का कुण्डा या मांदर का खोल कुम्हार बनाता है, मिट्टी का खोल पकाकर उसपर बकरे का चमड़ा मढ़ा जाता है, तथा कसने के लिए चमड़े की डोरी लगाई जाती है। मांदर का गद सराई के गोंद में कांच के चूरे को मिलाकर चमड़े पर लगाकर बनाया जाता है। मांदर पखावज की तरह की ही वाद्य होता है।

आदिवासी अपने नृत्यों के साथ मांदर की ताल पर ताल बध्य कर नृत्य करते है। इसकी ध्वनि वनांचल में दूर–दूर तक गूंजती है। मांदर में प्रकृति के बादल की गरज गंभीर आवाज सुन नवयवना, किशोर–किशोरी घर से बरबस निकल पड़ते है ये मांदर की शक्ति है।

fVedh %& मिट्टी को घड़ा नुमा पात्र बनाकर भट्टी में पकाया जाता है, पकी हुई टिमकी पर बकरे चमड़ा चड़ाकर इसे तैयार करते है, लकड़ी की दो छोटी डण्डी से बनाया जाता है, प्रकृति के बिजली की कड़क को अपने में समाहित किये हुए है।

>k> % प्रायः लोहे का बना होता है लोहे के दो गोल टुकड़े जिसके मध्य में एक छेद होता है, जिस पर रस्सी व कपड़ा हाथ में पकड़ने के लिए लगाया जाता है। दोनो एक एक टुकड़े को एक हाथ में पकड़कर बजाया जाता है।

ethjk % झांझ का छोटा स्वरूप मंजीरा कहलाता है, मंजीरा धतु के गोल टुकड़े से बना होता है। जिसके दोनो टुकड़ो को घात करने से स्वर निकलती है।

ekgjh % यह बांसुरी के समान बांस के टुकड़ो का बना होता है, इसमें छः छेंद होते है। इसके अंतिम सिरे में पीतल, कटोरी नुमा टार्न लगा होता है एवं इसे ताड़ के पत्ते के सहारे बजाया जाता है।

xne % (निशान) यह लोहे के कढ़ाई नुमाकार में चमड़ा मड़ा जाता है, चमड़ा मोटा होता है एवं चमड़े को ही रस्सी से खिचकर कसा जाता है। लोहे के वर्तन में अखिरी सिरे पर छेद होता है, जिस पर बीच में अंडी तेल डाला जाता है एवं छेद को कपड़े से बंद किया जाता है। ऊपर भाग में खरवन तथा चिट लगाया जाता है, रब्बर के टुकड़ो का बठेना बनाया जाता है। जिसे पीठ पीटकर बजाया जाता है, इसके बजाने वाले को निशानीरची (गुदमाहा) कहते है। इसकी गमकदार स्वर बरबस करमाहा को नाचने के लिए आकर्षित करती है और लोक कलाकार खीचे चले आते है।

^^ykd okn;ksa dh mRifÙk dh nUr dgkuh**

Mk- vuqi jatu ik.Ms; th ykd dyk ,oa vkfnokLkh ykd okn; ,oa cLrj cSM ds lLFkkid ls ,d eqykdkr es ;g djek ,oa vU; okn;ksa dh dgkuh lquhA

मुरिया जनजाति के देवलोक में लिंगो का महत्वपूर्ण स्थान है। लिंगो घोटुल के देव हैं और उनकी रक्षा करता है। लिंगो ने ही उन्हें संगीत–नृत्य सिखाया है। लिंगो ने ही उन्हें वाद्य यंत्र भेंट किए हैं। लिंगो पाटा गीतों में इस बात का वर्णन मिलता है। लिंगो की प्रशस्ति में गाए जाने वाले एक गीत में इस मिथक का सम्पूर्ण वर्णन मिलता है। इस गीत का भाव इस प्रकार है–

'हे युवक! लिंगो के पास अठारह वाद्य हैं। उनमें से बारह वाद्य राजा के हैं। लिंगो नरबलि लेते हैं। महुए के वृक्ष से सारंगी बनाते हैं। कमर में वो ढोल धारण करते हैं। पाँवों में सिड़ंगो पहनते हैं। कंधे पर छोटा ढोल तथा घुटनों पर कुटुड़की धारणकरते हैं। ओठों पर बाँसुरी, नाक में मोरचंग। हमें लिंगो ने नाचना–गाना सिखाया। एक अन्य गीत में भी लिंगो के वाद्यों का वर्णन मिलता है। कन्धे से लटकने वाला ढोलराय वाद्य। बाहों पर लटकने वाला हुकुमराय वाद्य। पैरों में पेरी तथा सीने पर ढुसिर वाद्य। नाक से बजने वाला मोरचंग तथा मुख से बजने वाली बाँसुरी।'

गीतों में प्राप्त उपरोक्त वर्णन से स्पष्ट हो जाता है कि लिंगो प्रथम देवता है, जिन्होंने न सिर्फ मुरियों को गायन एवं नृत्य में प्रशिक्षित किया, वरन् उन्हें अठारह प्रकार के वाद्य भी दिए।

e'nx % mRifÙk dFkk

मृदंग एक अवनद्ध वाद्य है, जिसका उल्लेख अनेक प्राचीन ग्रन्थों में प्राप्त होता है। मृदंग का प्राचीन नाम मुरज है। ऐसा कहा जाता हैकि– एक बार भगवान शिव कैलाश पर्वत पर ध्यान लगाए बैठे थे, उसी समय 'मुरज' नाम का एक असुर वहाँ जा पहुँचा और उनके ध्यान में नाना प्रकार से विघ्न पहुँचाने लगा। शिव ने उसे रोका, तो दोनों में युद्ध होने लगा और उस युद्ध में मुरजासुर मारा गया। उसका शव वहीं पड़ा रह गया, जिससे सिर तथा हाथ–पैर अलग हो चुके थे, इस शव को कुछ गिद्ध माँस–भक्षण के लिए उठा ले गए, किन्तु शव अधिक भारी होने के कारण उनके पंजों से छूट गया और एक वृक्ष के ऊपर जा गिरा। कुछ माँस पक्षी खा चुके थे, कुछ सूख गया। उस शव के दोनों सिरों पर चमड़ा सूखकर बन्द हो गया। वह इसी स्थिति में वृक्ष पर पड़ा रहा एक समय तेज हवा चलने से वृक्ष की टहनियाँ जोर–जोर से हिलने लगी और उस सूखे हुए शव पर आघात करने लगी। टहनियों के आघात से उसमें कुछ ध्वनियाँ उत्पन्न होने लगी। संयोग से उसी समय शिव उसी ओर से जा रहे थे। उन्होंने जब यह रोचक ध्वनियाँ सुनी तो वे उत्सुकतावश रूक गए। ध्यान देने पर उनकी समझ में आया कि यह ध्वनि कहाँ से आ रही थी। निकट जाकर उन्होंने उस चर्ममण्डित आकृति के दोनों सिरों पर अपने हाथ से

आघात करके देखा, जिसके फलस्वरूप 'ता'–'धीं'–'धों'–'दें' आदि वर्णों की उत्पत्ति हुयी।

इस घटना के कुछ दिन पश्चात् शिव–पार्वती के साथ अपने गणों द्वारा बनायी गयी पर्ण–कुटी में बैठे हुए थे। उसी समय वर्षो की कुछ बूँदे कुटी के पत्तों पर पड़ी। उनसे जो ध्वनि उत्पन्न हुयी, वह पार्वती जी को बहुत अच्छी लगी। पार्वती जी की इच्छा हुयी कि ऐसे किसी उपकरण का निर्माण होना चाहिए, जिससे इस प्रकार की ध्वनियाँ उत्पन्न की जा सकें। इससे शिव को उस 'मुरज' का ध्यान आया और कालान्तर में इसके आधारपर वाद्य यंत्र का निर्माण हुआ, उसे 'मांदर' या मृदंग नाम से जाना गया।

ykd ok| %&

वाद्य वर्गीकरण के विषय में सर्वप्रथम भरत मुनि ने नाट्य–शास्त्र में चार वर्ग माने हैं।

यथा–

तंत चैवावनद्ध च धनं सुषिर मेव च।

चतुर्विधं तु विज्ञेयमातोय लक्ष्मणान्वितम्।।

– अर्थात् तत् या तंत्रीयुक्त वाद्य, अवनद्ध या चर्म–आच्छादित वाद्य, घन या करतालादि वाद्य और सुषिर यानि वंशदि वाद्य। भारतीय संगीत शास्त्र में भरत मुनि का वाद्य वर्गीकरण ही सर्वाणिक प्राचीन, सर्वश्रेष्ठ माना गया है, जिसका बहुत अल्प रूपान्तर के साथ विद्वानों द्वारा अब तक प्रयोग होता रहा है।

तत् वाद्य– वे तोर के वाद्य जो कि मिजराब से बजाए जाते हैं, जैसे– तम्बूरा, तुनतुना, बैंजो आदि तत् वाद्य कहलाते हैं।

वितत् वाद्य– जोर तार वाद्य गज या कमानी से बजाए जाते हैं, जैसे– चिकारा, चिकारी, सारंगी, बाना, रेंकड़ी आदि उन्हें वितत् वाद्य कहते हैं।

सुषिर वाद्य– फूँक से, धोंकनी से बजाए जाने वाले वाद्य जैसे– वंशी, मुरली, मोहरी, शहनाई, अलगोझा, बीन, हारमोनियम इत्यादि को सुषिर वाद्य कहा जाता है।

अवनद्ध वाद्य– वे ताल वाद्य जिन पर खाल–मढ़ी रहती है, जैसे– ढोल, ढोलक, मृदंग, माँदर इत्यादि वाद्यों को अवनद्ध वाद्य कहा जाता है।

घन वाद्य– जिन वाद्यों को आपस में टकराकर ध्वनि उत्पन्न की जाती है– जैसे करताल, झाँढ, मंजीरा, चिमटा, इत्यादि को घन वाद्य कहते हैं। सभी प्रकार के वाद्यों के लिए जायसी ने कहा है–

तत् वितत् सिखर घन तारा। पाँचों सबद होई झनकारा।।

तन्तृ वाद्य– तम्बूरा, चिकारा, चिकारी, बाना, तुनतुना, रेंकड़ी, रावणहत्था, किन्दरी, किनरी, एकतारा, सारंगी, तोनक्या, किकिर, चैतारा, जगतारा, जन्तर, कामापचा, रवाज, सरिन्दा।

अवनद्ध वाद्य– ढोल, ढोलक, माँदल, माँदर, टिमकी, मृदंग, ढाँक, डमरू, ढफली, ढफ, नगाड़ा, नगड़िया, कुण्डी, सींग बाजा, गुदुमबाजा, दुऊ, गड़बा–बाजा, माँदरी, डोल, कुण्डीर, पेन डोल, ढोलकी, दमामा, हुडुक, घेरा।

सुषिर वाद्य– मोहरी, सेनाई, शहनाई, वंशी, मुरली, बाँसुरी, पावी, फेफर्या, आलगोझा, रमतुला, टुटाड़ी, भुगडू, तोड़ी, बीन, सिंगी, पावी (पवई), केन्दरिया, सतारा, नढ़, सुरनई, मुरला, पावरी, रणसिंहा, तुरही, तुरी।

घन वाद्य– झाँझ, मंजीरा, झींका, चिमटा, झेला, घुँघरू, थाली, खरताल, ठिसकी, चुटकी, चिटकुला, खंजरी, ठजीर (लौहछड़), घंट, कड़ा, घुँघरू, झाल।

ok| mRifÙk dFkk,&

लोक वाद्यों की उत्पत्ति के संबंध में संगीत–शास्त्रों में और लोक–समाज में कई कथाएँ सुनने को मिलती हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि अवनद्ध (चर्म आच्छादित), सुषिर और तन्तु वाद्यों का जन्म कैसे हुआ।

प्रसिद्ध वीणा– वादक उस्ताद असद अली खाँ ने वाद्यों की उत्पत्ति के संबंध में भगवान शिव की एक कथा का उल्लेख किया है। कथा के अनुसार भगवान शिव ने तीन वाद्यों का सृजन किया। ये तीन वाद्य हैं– वीणा, वेणु और डमरू। तारों से झंकृत होकर बजने वाले सभी वाद्य वीणा से उत्पन्न माने जाते हैं, जैसे सिमार,

इकतारा, सरोद आदि। दूसरा है वेणु यानी हवा से बजने वाले वाद्य जैसे– बीन, शहनाई आदि। तीसरा वाद्य शिव ने डमरू बनाया। इसमें वे सभी वाद्य आते हैं, जो हाथ से बजाये जाते हैं। इसमें ढोलक, मृदंग वाद्य आते हैं।

मध्यप्रदेश की गोण्ड जनजाति में भी यही कथा कुछ प्रकारान्तर से इस प्रकार है– गोण्ड जनजाति की कथा के अनुसार आराध्य 'बड़ा देव' जो शिव का ही एक स्वरूप है– ने गोण्डों उनके जीवन–यापन और मनोरंजन के लिए तीन वाद्य प्रदान किए। उनमें तन्तु वाद्य बाना, फूँककर बजाए जाने वाला वाद्य मोहरी और हाथ की थाप से बजाये जाने वाला वाद्य माँदर मुख्य है।

<ky % mRifÙr dFkk&

प्राचीन संगीत–शास्त्रों में पखावज, मृदंग ढोल, ढोलक, माँदर आदि वाद्यों के लिए पणव, दर्दुर वाद्य नाम प्रचलित रहे हैं। इन चर्म–आच्छादित वाद्यों को पुष्कर कहा गया है। भरत के नाट्य–शास्त्र में वाद्यों संबंधो आदि ग्रन्थ के रचनाकार के रूप में नारद और स्वाति नामक ऋषियों का उल्लेख है। कहा जाता है कि एक बार स्वापि पानी लेने के लिए एक सरोवर पर गए। संयोग से उसी समय वर्षो प्रारंभ हो गयी। सरोवर में कई कमल–फूल खिले हुए थे। वर्षो की बूँदें पहले धीरे–धीरे और फिर तेजी से जब कमल पुष्पों की छोटी–बड़ी पंखुड़ियों पर गिरने लगी तो उनसे विभिन्न प्रकार के शब्द उत्पन्न होने लगे। स्वाति जो कि संगीतज्ञ थे,

उन्होंने इन ध्वनियों को बड़े ध्यान से सुना। उन्होंने सोचा कि क्या ही अच्छा हो, यदि कोई ऐसा वाद्य बनायश जा सके, जिससे कि इस प्रकार के शब्दों को इच्छानुसार उत्पन्न किया जा सके और संगीत में उनका यथोचित प्रयोग किया जा सके। वे विश्वकर्मा के निकट गए और उनको संपूर्ण वृतान्त बताया। विश्वकर्मा ने इससे प्रेरित होकर एक वाद्य–यंत्र का निर्माण किया और इस वाद्य को 'पुष्कर' कहा गया। कालान्तर में इसी आधार पर पणव, दर्दुर, पटह, मृदंग, ढोल और अनेक अवनद्ध वाद्यों का निर्माण हुआ।

ukn ls /kjrh dk t xkuk %&

जनजातीय समाज अपने जातीय देवी–देवताओं की कृपा पाने, प्रसन्न करने के लिए रात–रात भर नृत्य, गायन और वादन से उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं। आदिवासी समाज में संगीत–नाद का कितना महत्व है, यह भील जनजाति के इस मिथक से समझा जासकता है। मिथकथा के अनुसार–बीलू बाई ने धरती, चाँद–सूरज, सारे जीव–जन्तु और मनुष्य बनाये। धरती हरी–भरी हो गयी, फिर भी सूनापन था। महादेव समझ गए कि वह बिनाढोल–माँदल की थाप के नहीं जागेगी। नाद था तो धरतर पर ही, अतः वे शालापुरी में रहने वाले सावला सुतार (बढ़ई) के पास गए और उसे बाजा गढ़ने का काम सैांप दिया। सावला सुतार पूरी तैयारी से जंगल पहुँचा। वहाँ सागौन के जिस–जिस पेड़ की शाखाएँ स्वर्ग में डोल रही थीं, उसने महादेव द्वारा सौंपे गये काम का वर्णन कर, उससे इजाजत माँगी और तब उसे काटकर

उत्तर–दक्षिण दिशा में गिराया। फिर सबसे ऊँची फुनगी पर पगड़ी बाँधकर,उसने पेड़ के नाद को बाहर निकलने से रोका। सावला सुतार ने फिर उसके तने से ढोल, माँदल, ढोलकी, सणिया बाजा, कुण्डी, और ढाँक नामक वाद्य गढ़े। सबसे ऊपर की पतली डाल से अनाज मापने के पात्र गढ़े और सागौन की टेढ़ी –मेढ़ी जड़ से वाक्ड़या बाजा (तुरही) बनाया। उसने इन सारे वाद्यों को महादेव को सौंप दिया। महादेव ने इन वाद्यों को अलग–अलग जाति के लोगों को बाँट दिये। धीरे–धीरे पृथ्वी के सुदूर अंचलों से वाद्य की थाप और ताल पर लोगों के नृत्य–गायन की आवाज आने लगी, तब महादेव बोले– अब मेरी बहिन धरती जाग रही है।

ckuk mRifÙk dFkk %&

बाना, गोण्ड जनजाति का आदिम तन्तु वाद्य है। गोण्ड मिथक के अनुसार गोण्डों के देवता बड़ा–देव किसी बात से रूष्ट होकर साजा–पेड़ में अन्तर्ध्यान हो गए। तब गोण्डों के सबसे छोटे भाई परधान गोण्ड ने बाना बजाकर बड़ा–देव को प्रसन्न किया। असलिए आज भी परधान गोण्ड गाँव–गाँव जाकर राजा–महाराजाओं की कथा–गाथा का गायन करते हैं। इसी प्रकार मृत्यु के बाद दसगात्र संस्कार के अवसर पर बना वाद्य की संगत से गीत गाकर मृतक की आत्मा की शान्ति के लिए बड़ा–देख से प्रार्थना करते हैं।

कथा के अनुसार बड़ा–देव ने गोण्ड राजा को स्वप्न में विधि –विधान से बाना वाद्य बनाने का आदेश दिया। राजा ने स्वप्न की बात अपने छोटे भाई परधान को बतायी। तब छोटे भाई ने साजा वृक्ष की लकड़ी से बाना बनाया और उसे बजाने के लिए धनुषाकार हथोरी भी बनायी। छोटा भाई साजा वृक्ष के नीचे ध्यान मग्न बैठा था, तभी आकाा में उड़ती हुयी भरही चिड़िया ने गाना शुरू किया। परधान ने भरही चिड़िया के स्वर में स्वर मिलाकर हथोरी घुमारा शुरू की, तो 'बाना' से सुर निकलने लगे। बाना का मधुरमय संगीत सुनकर बड़ा–देख प्रसन्न होकर, साजा वृक्ष से प्रकट हुए और गोण्डों को सदा खुशहाल रहने का वरदान दिया।

बाना वाद्य की उत्पत्ति के संबंध में एक–दुसरी कथा के अनुसार लिंगो गोण्डों का सबसे छोटा भाई था, लेकिन वह पृथ्वी पर गोण्डों का उद्धार और प्रतिष्ठित करने वाला महानायक होने के कारण गोण्ड, लिंगो को देचता के रूप में पूजने लगे थे। लिंगो ने उन्हें वाद्य दिए, संगीत दिया और उन्हें संस्कृति संपन्न बनाया। गोण्डों की नजर में वह महादेवता है।

एक बार लिंगो कहीं जा रहा था, रास्तें में लौकी मिली, वह सड़ी हुयी थी, इसलिए लिंगो ने उसे पानी में बहा दिया। लौकी बहते–बहते किसी किनारे पर लग गयी। उसके बीच छितरा गए और उपयुक्त अवसर पाकर वे उग आये। लौकी की बेल फैली, उसमें बहुत लौकियाँ फैली। लिंगो ने उसमें से एक अच्छी लौकी का बाजा बनाया। अपने बालों के तार लगाए और खिरसारी वृक्ष की लकड़ी की कमान बनायी। उसने उसे बजाया तो मधुर स्वर निकला। उसने उसका नाम 'बाना' रखा।

ck¡lqjh dh tUe dFkk %&

बहुत पुराने समय की बात है। एक दिन जंगलों की पन देवी के मन में जंगल के बड़े–बड़े पेड़ों की नेक नीयत और सहायता भावना की परीक्षा लेने की बात आयी। मन में यही विचार करके वह चल पड़ी। चलते–चलते वह मधुपुरी के पास बहुलावन में पहुँची। वन बहुत ही सुन्दर था। बहुत सारे ऊँचे–ऊँचे वृक्ष, दूर तक फैली हरियाली और बहुत ही मीठे पानी का एक सुन्दर सा तालाब था। वन में तरह–तरह के पशु–पक्षी, कीड़े–मकोड़े बड़े आराम से रहते। फल–फूल खाकर, तालाब का पानी पीकर अपना जीवन–यापन करते थे।

वन देवी के परीक्षा लेने के इरादे से बहुलावन के लिए बुरा वक्त आया। एक दिन वहाँ बहुत तेज आँधी आई और मूसलाधार वर्षा हुयीख जिससे बहुत से पेड़ उखड़ गए। पक्षियों के घोंसले भी नष्ट हो गए। पेड़ो की खोह में, पशुओं की माँदो की माँदों में, कीड़े–मकोड़ों के बिलों में पानी भर गया। वे पनाह लेने के लिए इधर–उधर भटकने लगे। अंधेरा होने लगा था।

वन देवी ने पेड़ो की नेक नीयती और सहायता भावना की परीक्षा लेने के लिए तनों में छेद करने वाली एक छोटे कीड़े का रूप धारण किया और हवा के झोंको में झूमते हुए नीम के पेड़ के पास पहुँचकर बोली– हे नील काका। नी काका। मेरे पूरे घर में पानी ही पानी भर गया है। क्रूा आज की रात मैं आपके मोटे तने में छेद करके, उसमें घुसकर रात काट लूँ। वर्षा में नहाया नीम

अपने में ही मगल था, उसने जैसे कीड़े की बात सुनी ही नहीं। कीड़े ने एक बार फिर कहा– और वो उत्तर की आशा में खड़ा रहा। नीम से कोई जवाब न मिलने पर वह कटहल के पेड़ के पास गया। कीड़े की बात सुनकर कटहल ने भी आश्रय देने से मना कर दिया।

वन में चलते–चलते कीड़ा आम के पेड़ के पास पहुँचा और आम से बोला– आम मामा। आम मामा। देखो तो कैसी वर्षा आँधी आयी कि मेरे बिल में पानी भर गया है। क्या आप इतनी कृपा करेंगे कि मैं आपके तने में छेद करके आज की रात रह लूँ? आम ने भी बेरूखी से कीड़े को फटकार दिया और कहा कि मेरे यहाँ कोयल रानी तुझे खा जायेगी, जा यहाँ से चला जा। कीड़ा वहाँ से जल्दी आगे बढ़ गया। काफी दूर जाने पर उसे एक तरफ झुरमुट में खेड़े केले के पेड़ दिखे। कीड़े ने केले करे अपनी विपत्ति बतायी और शरण माँगी। पर केला तो मुँह से बोला तक नहीं। उसने अपने लम्बे–चौड़े पत्ते जोर से हिला की आश्रय देने से साफ मना कर दिया।

सारे बड़े, अच्छे पेडों की दुत्कार और रूखे व्यवहार से बेचारा कीड़ा बहुत निराश और दुःखी हो गया। वह बड़े सोच में पड़ गया कि अब कहाँ जाऊँ, किसके पास जाऊँ? इसी सोच में चलता–चलता वह तालाब के पास आ पहुँचा। तालाब के एक ओर बाँस खड़े थे।

कीड़ा सोचने लगा कि– बाँच में तो गांठे होती हैं, काँटे होते हैं और पत्तियाँ भी नुकीली होती हैं। फिर भी उसने बड़ी ना–उम्मीदी से बाँस से तने में रहने की बात कहीं। आशा के विपरीत बाँस आश्रय देने को राजी हो गया। बाँस की सहमति से कीड़े ने तने में छेद कर उसमें घुस गया, पर उसे कुछ असुविधा सी लगी। उसने बांस से पूछा– भैय्या, इसमें मेरा दम घुट रहा है, क्या मैं तुम्हारें तने में कुछ और कर लूँ। बाँस द्वारा अनुमति मिलने पर कीड़े ने एक–एक कर छः छेद किए फिर आराम से खोल में सो गया।

रात बीती सुबह हुयी। यहायक जंगल के वृक्षों ने बाँस के झुरमुट पर अनोखा प्रकाश देखा। उन्होंने देखा कि बाँस के पेड़ से एक ज्योतिर्मयी देवी निकल रही है, जिनके मुकुट पर एक छोटा सा कीड़ा चिपका है। सबने पहचाना– अरे। यह तो वही कल वाला कीड़ा है, जो हमसे आश्रय मांगने आया था।

वन देवी बोली– वृक्षों! मैं वन देवी हूँ। कल मैंने कीड़े के रूप में सारे वृक्षों की परीखा ली कि वक्त जरूरतमंद की मदद कौन करता ळै। दुर्बल को सहारा कौन देता है। मैंने सारे बड़े पेड़ों को परख लिया। जो वृक्ष अपने स्वार्थ में मग्न और घमण्डी हैं, आज मैं उन्हें श्राप देती हूँ– नीम का पेड़ ऊपर से नीचे तक कड़वा हो जाएगा। कटहल के फलों पर काँटे उग आएँगे। सुन्दर आम का मुँह काला हो जायेगा। उसका तना उतना ही खुरदुरा और पत्तियाँ कसैली हो जाएँगी। केला केवल एक बार फल दे सकेगा। बार–बार फल देने के लिए उसे बार–बार काटना पड़ेगा। इतना कहकर वन देवी चुप हो गयी।

सारे पेड़ प्रतीक्षा करने लगे कि देखें, बाँस के लिए वनदेवी क्या कहती हैं। कुछ क्षण बाद वन देवी बोली– और यह बांस, इसमें न फूल आते हैं न फल, न तो इसकी घनी छाया ही है। मैंने ही इसे काँटे और गाँठे दी हैं, पर यह कितना नम्र और दयालु है कि इसने एक बेहाल जरूरत मन्द कीड़े को आश्रय दिया, अपने शरीर में एक नही छह–छह छेद कर लेने दिए। आज मैं बांस को वरदान देती हूँ कि आज के दिन से बाँस में जो भी कोई छेद करके फूँकेगा, उससे बहुत ही मीठी सुरीली आवाज का बाजा बजेगा, उसका नाम होगा– बाँसुरी।

संयोग ऐसा हुआ कि उसी समय कृष्ण आगे गोप–ग्वालों के साथ गाय चराने को पहुँचे। वनदेवी ने बाँस से काट कर वह छेदों वाला टुकड़ा, वह बाँसुरी कृष्ण को दे दी। कृष्ण ने वन देवी द्वारा दिये बाँस के टुकड़े को अपने ओठों से लगा फूँककर बजाया तो सारा विश्व बाँसुरी की मीठी आवाज से गूँज उठा।

छत्तीसगढ के करमा लोकनृत्य के माध्यम से मैं समस्त आयामों को जैसे– इसकें काव्यपक्ष, संगीत, वाद्यों, वेशभूषा, दन्त कथाएं, साज श्रृंगार का अपनी गुरूजनों एवं लोककलाकारों तथा जहां से मुझे ज्ञान मिला, उन सबका अपनी मती अनुसार अध्ययन किया है।

v/;k; & 4

^^ykd uR; d ykd dykdkjk dk lk{kkRdkj ,o ej nk o"k d vuHko ,o ykd uR; e ejh fopkj fpru dk jpukRed v/;;u

Jherh iue frokjh ¼ifl) uR;kxuk½

श्रीमती पुनम तिवारी (छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दाऊ मंदराजी सम्मान प्राप्त) बाल्य काल से लोकनृत्यों में पारंगत थी घर में ही कलाकारी माहौल भी पुनम के माता–पिता जो देवर कबीलों के थे उनकी माता करमा गीत नृत्य महान गायिका एवं नृत्यागंना थी। ''राधाबाई मरकाम'' छत्तीसगढ़ के प्रमुख नाचा मंडलियों में अपने नृत्यों की प्रस्तुति देती रही है और अपने भरणपोषण करते हेतु पुनम तिवारी अपनी मॉ के साथ प्रोग्राम जाती और रात रात भर कार्यक्रम देखती और दूसरे दिन वह उन्हीं कार्यक्रम का नकल कर–करके अपने डेरा में लोगों का मन आकृर्षित करती है। अपने बाल्य काल कि

खेतबूद को नृत्य और गीत में व्यतीत करती थी। बाल्य काल में विवाह हो गयी और पति कलाकार था श्री रामशंकर रिषी जो प्रसिद्ध क्लारनेट वादक है उन्होंने पद्मभूषण हबीब तनवीर के ग्रुप नया थियेटर में बतौर नृत्यागंना, गायिका एवं अभिनेत्री के रूप साथ शामिल हुई और हबीब तनवीर कई प्रमुख नाटकों में अपनी कला कौशल प्रदर्शन किये। जिसमें प्रमुख नाटक है, चरनदास चोर, आगरा बाजार, मिट्टी की गाड़ी, बहादुर कलारिन, देख रहे है नैन, लाहोर, हिरना की अमर कहानी, आदि। आप वर्षो तक नया थियेटर के साथ रहे और राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए वे विदेश यात्रा, फ्रांस, जर्मनी, लंदन सभी और अपने प्रसिद्ध नाटक चरनदास चोर जो एडिनवरा में प्रथम पुरूस्कार से प्राप्त नाटक के सहयोगी रही है और इन्ही योगदान पर शासन द्वारा दाऊ मंदरानी सम्मान 2015 से आपको आपके कला सांधना को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मानित किये गये है। पुनम जी अपनी विचार लोक के प्रति इस तरह रखते है–

साधारण वर्ग जो लोक नृत्यों के मर्म को नहीं जानता। नृत्य नहीं करता, उनकी पहचान से दूर है। वह लोक नृत्यों की कलात्मकता में रुचि रखता है। उसमें लोक नृत्यों के अवलोकन के प्रति उत्सुक्ता होती है । वह जानना चाहता है कि वह कौन से तथ्य हैं जो लोक नृत्यों को कलात्मक बनाते है। वास्तव में लोक नृत्यों क्रो प्राकृतिक सादगीपूर्ण सज्जा ही उनकी आत्मा है। कठिन एव बनावटी मुद्राओं से मुक्त इन लोक नृत्यों में उन्मुक्ता उल्लास

और भाव भगिमाए व्याप्त होती हैँ। लोक नृत्यों में गूढ नियमों का कोईं बन्धन नही है। जो भी नियम होते हैं, वे सीधे–सरल और जन–जन की समझ के योग्य होते हैं। सीधा और व्यापक प्रभाव लोकनृत्यों को वह विशेषता है, जो उन्हे विकसित बनावटी एवं परिमार्जित शास्त्रीय नृत्यों से पृथक करती है। सरल शैलियाँ एवं सुदंर स्वरूप ही लोक नृत्यों का सशक्त रूप प्रकट करते है। कुर्ट साक्स की यह परिकल्पना लोकनृत्यों के गुणों को स्पष्ट करती है नृत्य के रस में आत्म–विस्तृत होकर मनुष्य तन–मन का भेद भूल जाता है । सभ्यता ने भाव और व्यवहार पर जो बंधन लगा दिए है, वे नृत्य के उद्दाम वेग में बह जाते हैं नृत्य की लय में खेल नाटक पूजा उपासना एव युद्ध सब एकाकार हो जाते हैं तथा व्यक्ति अपना आपा खोकर समाज ओर समष्टि में तल्लीन हो जाता है। लोक–नृत्य की कलात्मकता का यह अनुपम उदाहरण है ।

लोकनृत्यों की कलात्मकता अनूठी है। सबसे आकर्षक तो नर्तकों के टोली बनाने का ढंग है, जिसकी छटा नृत्य के गतिमान होने पर ही बनती है। लोक नृत्य में सर्वाधिक प्रचलित रचना गोल घेरा, अर्ध घेरा, पंक्तिबद्धता और पिरामिड निर्माण आदि है । असम के बीहू लोक नृत्य में घेरा, सीमित रहता है, जबकि गुजरात के गरबा नृत्य में घेरा स्वच्छन्द होंता है। उडीसा के शबर लोग अपने लोक नृत्य मे जो एकत्रित पंक्ति बनाते है, उसमें जुलूस का आभास होंता है। अनेक भारतीय लोक नृत्यों में जो एक या अधिक सुदंर पक्ति बनाई जाती है। उसमें बारात किसी देवता की रथ यात्रा की

अगुवानी या रक्षक दल का परिदृश्य दिखाई देता है।मध्यप्रदेश के वेगा एव उत्तर पूर्व क नागाओं के लोक नृत्यों में इसका चित्रण उल्लंखनीय है। लोक नृत्यों में स्त्री–पुरूषो के जोड़ी बनाकर खडे होने का ढ़ग ही चित्ताकर्षक होता है। भारतीय लोवनृत्यों में प्रायः यह प्रचलन साधारण रूप में पाया जाता है कि पुरुष और स्त्रियाँ अलग–अलग पंक्तियों में खडे हाते है किन्तु नृत्य करते–करते नृत्य रचना को अधिक कलात्मक बनाने के लिए दो पुरुषो के बीच मे एक स्त्री या दो स्त्रियो के बीच में एक पुरुष स्थित होकर नृत्य करते है। यह सब पांरम्परिक ढ़ग से बिना किसी राग–द्वष के सम्पन्न होता है। नर्तक युवक–युवतियों द्वारा एक–दूसरे की कमर में हाथ रखना, कंधो पर हाथ रखना, हाथों को आगे या पीछे पकड़ कर सांकलनुमा अृकति बनाना गोल या अर्ध गोलाकृति बनाना सिरों को एकदूसरे से मिलाना नृत्य करते करते आपस मे एकदूसरे की टांग फसाना एवं कन्धों पर चढ़ना आदि लोक नृत्यों के कलापक्ष का सबल पहलू । जैतिया पहाड़ी के लोक नृत्यों में टोली रचना और हाथ पकड़ने के ढग जटिल होते है, जबकि संथालों के नृत्यों में सीधे और सरल होते हैं। उराँव लोगो के कदम उनके नृत्यों में ऐसे संचालित होते है या पड़ते हैं, मानो कोई कांतर अपने सो पैरो से सरक रही हो। बाइसन हार्न माडिया के नृत्यो चीटों की कतार के दर्षन होते है। ''आओ जाति'' के नागा पहले एक कदम दाहिने चलते हैं, फिर एक कदम पीछे रखते है और फिर झटके से घुटना मोड़कर दाहिने पांव को दो बार जमीन की ओर पटकने की

कलात्मक क्रिया करते है। मछुवारों के नृत्यों में समुद्र की गतिविधियों का सुंदर सामाजस्य देखने को मिलता है। हिमाचल प्रदेष के लोकनृत्यों में मनोहारी कलात्मकता के साथ हाथ बांधकर प्रारंभ।

ifl) eknj oknd ,o ykd urd Jh ipHkb;k nokj viu fopkj ykd uR; d ifr bl rjg O;Dr fd; g

प्रायः सभी लोक नृत्य समूह में नाचे जाते हैं। लोक नृत्य स्त्रियों द्वारा भी नाचे जाते हैं और पुरुषों द्वारा भी। आदिवासी लोक नृत्यों में प्रायः स्त्री—पुरूष सम्मिलित नृत्य करते हैं। लोक नृत्यों के लिए रंगमंच की आवश्यक्ता नहीं होती है। प्रकृति के उन्मुक्त वातावरण में, खुले मैदान में, गांव की गली खोरी में, भी नाचे जाते हैं। लोक नृत्य स्वच्छन्द है। बन्धनों से मुक्त हैं। किसी प्रकार के नियम बंधन में इनकी मौलिकता क्षतिग्रस्त होती है।

लोक नृत्य के नर्तकों को अलग से किसी विशेष प्रकार की व्यवस्था की आवश्यकता बहुत ही कम पडती है । उनकी अपनी निर्धारित वेशभूषा और साज–सज्जा होती है। जिसका लोक नृत्यों के लिए सर्वाधिक महत्व है। इसी से लोक नृत्यों की पहचान होती है। इसके बावजूद नृत्य के लिए वेशभूषा, साज–सज्जा का उपयोग जरूरी होता है. अन्यथा रोजमर्रा के लिए सामान्य वस्त्रादि पर्याप्त है। गोड़, भील, बैगा, माडिया, उरांव, परजा आदि उन जन–जातियों की वेशभूषा अत्यन्त चित्ताकर्षक होती है।

लोक–नृत्यों में समय का कोई बन्धन नहीं है। नृत्य कब आरंभ किया जाए। कब समाप्त किया जाये इसका कोई नियम नहीं है। एक ही नृत्य घटों तक चल सकता है और पांच मिनट में भी समाप्त किया जा सकता है। इसी तरह मौसम का भी प्राय कोई विचार नही किया जाता है। चाहे काई भी मौसम हो लोक नृत्य जम जाता है। लोक नृत्यों की सबसे बडी विषेषता ये है कि इसमें सभी नर्तक होते है और सभी दर्शक किसी को दिखाने के लिए अथवा रिझाने के लिए लोक नृत्य नही किये जाते हैं। ये तो मन की उमंग निकालने के लिए प्रदर्षित होते है। जिसके मन में जब उमंग उठी, नर्तकों में मिलकर नाचने लगा और जब थक गया तो बैठका देखने लगा। लोक नृत्य प्रदर्शनकारी दरबारी प्रवृत्ति से मुक्त हैं। यही कारण है किं लोक नृत्यों में कोई घराना परम्परा नहीं है।

लोकृ नृत्यों की गति और रचना सादी सरल और स्वाभाविक होती है। ताले सरल होती हैं जिन्हें सीखने में कठिनाई नहीं होती।

लोक नर्तक के शरीर में कमनीय लोच रहती है। जैसे कि हवा के झोंकों से झूलती हुईं वृक्षों वी नरम–नरम टहनियों में। जब स्त्री–पुरूषों का पूरा दल नाचता है तो ऐसा लगता है मानो अनाज से लहलहाते खतो पर मे मचलती हुई हवा चल रही हो और उसके झोंकों से फसल लहरा रही हो या चंचल तरगिनी में लहरें उठ रही हों । लोक नृत्यों मे वादक भी नर्तक होता है । लोक नृत्यों को गति और विधा परिपर्वन का नियत्रंण वादक ही करता है । लोक, नृत्यों के वाद्य बहुत ही सादे सरल होते हैं । लोक नृत्यों के वाद्यो की संख्या निर्धारित नहीं होतीं हैं, एक वाद्य से भी लोक नृत्य सम्पन्न हो सकता हैं और एक दर्जन वाद्य भी उपयोग में लाए जा सकते है। एक ही प्रकार के अनेक वाद्य बजाए जा सकते हैं तथा विभिन्न प्रकार के अलग–अलग वाद्यो की लय–ताल से भी लोकं नृत्य होता है। नृत्य के समय वादकगण स्थिर होकर भी बजा सकते हैं तथा नृत्य करते समय वाद्यों का आपस ये परिवर्तन कर सकते हैं। तात्पर्य यह है कि लोक नर्तक ही वादक भी होते हैं। लोक नृत्यों में प्रयोग होने वाले वाद्य सस्ते मूल्य के होते हैं। .

लोक नृत्यों को सोखने–सिखाने के लिए ग्रामीण परिवेश में किसी गुरू या गण्डा–गण्डौरी की अवश्यकता नहीं होती है। गांव का समाज अपने आप ही नई पीढी को जीवन क्रमानुसार सिखाता रहता है । नाचते हुए दल को देखकर बाल समाज के मन में अपने आप ही इच्छा जागृत होती है । वे नर्त्तको की भोड़ में घुस जाते हैं। गिरतें है, उठते है, किसी की उंगली पकडकर फिर नाचने लगते हैं। वे निरन्तर नाचते जाते हैं और इस तरह वे गांवों व समाज के कुषल नर्तक बन जाते है। ''वषुधैव कुटुम्बकम'' की

भावना ही तो इन नृत्यों की विषेषता है। लोक नृत्यों में शरीरिक श्रम बहुत होता है। यह अपने आप में संपूर्ण योग है। लोक नृत्य में मनोरंजन के साथ व्यायाम भी होता है। लोक नृत्य तो आत्मिक आनंद को उभारने वाला है, इसके द्वारा शरीर का भी स्वाभाविक विकास होता हैं।

लोकगीत, लोक नृत्यों के प्राण है। यद्यपि लोक नृत्यों में नृत्य ही प्रधान होता है, किन्तु बिना लोक गीतों के लोक नृत्य अधूरा है। ये गीत संबंधित लोकांचल की बोली में होते है। लोक नृत्य के अपने निर्धारित लोक गीत होते है। बल्कि नृत्य में सम्मिलित सभी लोक–नर्तक स्वयं सामूहिक रूप से नृत्य की लय और ताल के तारतम्य में गाते है।

Jherh ';kek ckbl ukx ifl) djek ykd ujrdh

ykd uR;k dh ykp e idfr dh dkeyrk



भारतीय लोक नृत्यों में हाथों के द्वारा भावों का प्रदर्षन नहीं किया जाता, वरन् हाथों की जो भी क्रियाएँ होती है, वे नृत्य की आवष्यकता के अनुरूप ही है। लोक नर्तकों के शरीर की लोच तथा पैरों की भिन्न–भिन्न गतियाँनृत्य की प्राकृतिक छटा प्रकट करती है। इसी मे प्रकृति वैचित्र्य का कोमल चित्रण रहता है। हवा के झोंको से जंगल में लगी हुई घास तथा खेतों में लहराती हुई फसल नीचे की ओर झुकती और ऊपर को उठती हुई मीलों लम्बे चौड़े मैदानों में हजारों लहरें पैदा करती है। जंगल में लगे हुए बांसों व पेड़ पौधों की कोमल फुनगियाँ हवा के झोंको से वायुमंडल एवं धरातल की संयुक्त क्रिया से लहराती रहती है। प्रकृति का यही लालित्य लोक नृत्यों की लोच–लचक में चित्रित होता है। भारतीय लोक नर्तकों के शरीर की लोच जो उनके कमर के ऊपरी भाग में लेकर नृत्य के समय आती है, प्रकृति की कोमलता का प्रदर्षन है।

भारतीय लोक नृत्यों के गतियों में बहुत अंषो में जन–मानस के दैनिक कार्यो का समावेष रहता है। इनक कार्यो का चित्रण लोक नर्तक नृत्य करते समय पद–संचालक में करते है, यथा पर्वतों पर वढ़ना, उतरना, फसल से संबंधित विभिन्न क्रिया–कलाप, मछली उलीचना, षिकार करना, कूद–फांद करना आदि। इन दैनिक कार्यो को उसी का मूर्तरूप लोकनृत्यों मे परिलक्षित होता है। इसके सिवाय वन के खग–मृगों के साहचर्य में जो ग्राम्य जीवन बीतता है, उनकी चाल तथा केलि–क्रीड़ा की गति का भी लोक नृत्य पर प्रभाव होता है। लोक नृत्यों में लोक वाद्यों की ताल, पैरों की गति

के तारतम्य से मिलती–चलती है, जो कभी तीव्र तो कभीमन्द होकर लोक नृत्यों की लोच मे प्राकृतिक दृष्य उत्पन्न करती है।

लोक नृत्य ग्राम्य एवं आदिवासी जीवन का प्रमुख अंग है। आदिकाल से उत्तुंग गिरि–षिखरों तथा गहन वन उपत्यकाओं में निवास करते रहने और कृषि पर निर्भर रहने के कारण इनके स्वभाव में परस्पर सहयोग का गुण इस प्रकार घुल–मिल गया है ि कवह भारतीय लोक नृत्यों में भी स्पष्ट दिखाई देता है। इनके दैनिक कार्यो मे प्रातः से संध्या तक परस्पर सहयोग एवं संस्कार के ही दर्षन होते है। बाजार जाना, जंगल जाना, पानी भरना आदि छोटे–छोटे कार्य भी अपने संगी– साथियों के साथ ही किए जाते है। वन के मोर, जलाषय की बत्तखें तथा चिड़ियाँ सदैव समूह में उड़ती, बैठतीं तथा दाने चुगती है। वन में उगी घास, पृथ्वी पर पड़े अनगिनत पत्थर, जंगल में खड़े हुए असंख्य वृक्ष आदि प्रत्येक समय प्रत्येक दषा मेंसहयोग का ही पाठ पढ़ाते है। नागर सभ्यता की चमक–दमक से सैकड़ों कोस दूर आदिकाल से घोर वनों में रहने वाले ग्रामीणों व आदिवासी जनो ने प्रकृति के कण–कण से एकता और सहकार्य का जो पाठ सीखा है और अपने जीवन में जिस प्रकार चरितार्थ यिका है, वह आज के समय संसार के लिए अनुकरणीय है। इनके लोक नृत्यों में इसीलिए सामूहिकता होती है, जो इनकी अपनी देन है।

[kjkx< lxhr fo’ofo|ky; NÙkhlx< e ik- Jh leju /ko

ykd uR; d ifr mud fopkj

लोक नृत्यों के प्रकार अपने–अपने ढ़ग से बताए जाते हैं। कोई 176 प्रकार तो कोई 200 प्रकारों की गणना करते है। वास्तव में भारतीय लोकनृत्यों के प्रकार बताना एक कठिन कार्य है। विवाह–त्यौहार. उत्सव–मृत्यु एवं फसल कटाई आदि अक्सरों पर लोकनृत्य होते हैं। प्रकारों का एक वर्गीकरण इसी क्रम में किया जा सकता है । पशु–पक्षियों, हास्य–व्यंग, कलाबाजी आदि के सन्दर्भों में भी लोकनृत्य आयोजित होते हैं. अतः दूसरा वर्गीकरण इस ढ़ंग से किया जाकर प्रकारों का निर्धारण किया जा सकता है। किन्तु इन दोनों ही वर्गीकरणों के अतर्गत आने वाले कतिपय लोक नृत्यों का अन्तसम्बन्ध किसो–न–किसी रूप में दिखाई देता है. जिससे लोकनृत्यों के प्रकारों को स्थपित करना सभंव प्रतीत नहीं होता है। अतः भारतीय लोक नृत्यों को तीन प्रमुख प्रकारों में विभक्त किया जा सकता है।

1. अनुष्ठानिक लोक नृत्या ।
2. पर्व एवं तीज–त्योहार संबंधी लोकनृत्या।
3. व्यावहारिक लोक नृत्य।

(1½ vu"Bkfud ykd u`R;& जिन लोक नृत्यों के आयोजन में पूजा–पाठ. झाड़–फूक एवं अन्य अनुष्ठानिक क्रियाक्लापों का पालन किया जाता है। उन्हें अनुष्ठानिक लोकनृत्य कहते हैं। जैसे– अरूणाचल का रोप्पी लोकनृत्य, कर्नाटक का पूजा–क्रुणित लोकनृत्य, मिजोरम का चेराव नृत्य, राजस्थान का गौरी लोकनृत्य आदि।

¼2½ iol ,oa rht&R;kgkj lacf/kh yksd uR;& पारम्परिक एव सामाजिक पर्व उत्सव एवं त्यौहारों आदि का सांस्कृतिक परिवेश जिन लोकनृत्यों की पृष्ठभूमि में समाहित होता है वे इस श्रेणी के लोक नृत्य कहलाते हैं।

जैसे– मध्यप्रदेश का परब लोकनृत्य, जम्मू–काश्मीर का फुमनियन लोकनृत्य, पश्चिम बंगाल का मीच नृत्य, उड़ीसा का डालखाई लोक नृत्य आदि।

¼3½ 0;ogkfjd yksduR; & भारत के अनेकानेक ऐसे लोकनृत्य है जो ग्रामीण जनों को सांस्कृतिक एकता के रूप में बाधे रहते है। ऐसे लोकनृत्य गांवो में विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कारिक अवसरो पर आयोजित होते हैं ।

जैसे–बिहार का करमा जादुरा लोकनृत्य, पंजाब का गिद्दा लोकनृत्य, उत्तरप्रदेश का सखिया नृत्य. हरियाणा का धमाल लोकनृत्य आदि।

इसके अतिरिक्त भारतीय लोकनृत्यों को क्षेत्रीय आधार पर भी दो वर्गों में बांटा जा सकता है। प्रथम– पहाडी लोकनृत्य एवं द्वितीय मैदानी लोकनृत्य भारत के प्रत्येक प्रदेश में पहाडी. एव मैदानी इलाके हैं। अत्तः इन इलाकों में निवास करने वाले जन–सामान्य के लोकनृत्यों को पहाडौ एवं मैदानी लोकनृत्य कहा

जा सकता है। एक अन्य वर्गीकरण के अनुसार भारतीय लोकनृत्यों को निम्नानुसार भेदों में विभाजित किया जा सकता है।

(1) व्यक्तिगत लोकनृत्य ।

(2) सामूहिक लोकनृत्य।

(3) महिला लोकनृत्य ।

(4) पुरुष लोकनृत्य ।

(5) मिश्रित लोकनृत्य आदि।

¼1½ 0;fäxr yksduR;&

ऐसे लोकनृत्यों को एकल लोकनृत्य भी कह सकते हैं। इन लोकनृत्यों में एक या कभी कभी दो व्यक्ति भाग लेते हैं। इन लोकनृत्यों मे नर्तक घूम–घूम कर आगिक प्रदर्शन करते हुए लोक गीत के लय पर नाचता है। जैसे पश्चिम बगाल का बाऊल नृत्य एवं महाराष्ट्र का लावनी नृत्य आदि।

¼2½ lEefgd yksd uR;&

इन लोक नृत्यों मे लोक नर्तकों का एक समूह भाग लेता है। यह समूह स्त्री. पुरुष या बालकों का होता है। जैसे बिहार का डोल नृत्य एवं मध्यप्रदेश का भोजली परब नृत्य आदि।

¼3½ efgyk yksd uR; &

इन लोकनृत्यों में केवल महिलाएँ भाग लेती हैं । जैसे आंध्र का माथुरी लोकनृत्य, पंजाब का गिद्दा लोक नृत्य, राजस्थान का चरी लोकनृत्य आदि।

¼4½ iq#"k yksduR̀;&

इन लोकनृत्यों में केवल पुरुष वर्ग भाग लेता हैं । जैस गुजरात काुछाडी लोकनृत्य मणीपुर का घूमन पुंग चोलम लोकनृत्य एव पंजाब का भागड़ा लोकनृत्य आदि।

¼5½ fefJr yksduR̀;&

भारत मे ऐसे अनेक लोकनृत्य हैं जिन लोकनृत्यों में स्त्री पुरुष दोनों ही भाग लेते हैं। भारतीय समाज में इन लोकनृत्यों के अपने मूल्य एवं आदर्श हैं जिनका समावेश जन साधारण अपने सामाजिक एव धार्मिक जीवन में करता है। ऐसे लोक नृत्यों मे हिमाचल के नाटी, पगंवाल पांडिचेरी का पिन्नल अट्टम, बिहार का लहसुआ, मध्यप्रदेश का भागेरिया, काकसार आदि के उदाहरण प्रमुख हैं।

ifl) nsokj djek dk xkf;dk ,oa uR̀;kaxuk Jhefr js[kk nsokj

yksduR̀;] yksdxhrksa dk fcuk v/kwjk gS

लोकगीत, भारतीय लोवनृत्यों के अत्यन्त लोकप्रिय एवं महत्त्वपूर्ण अंग हैं। लोकनृत्यों में लोकगीतों का अपना विशेष आकर्षण होता हे। लोकनृत्यों में लोकगीतों का सुन्दर एवं मनभावन समावेश होता है। जो भारतीय लोकनृत्यों में अमूल्य धरोहर के रूप में गांव गांव में विद्यमान है । भारत में प्रचलित लोकनृत्यों के अपने निधार्रित लोकगीत होते हैं। जिनके अभाव में लोकनृत्य अधूरा होता है। परन्तु कुछ लोकनृत्य ऐसे भी हैं। जिनमें लोकगीत गाने कीं प्रथा ही नहीं होती हैं। ऐसे लोक नृत्यों की संख्या बहुत कम है। यथा–नागाओं के लोक नृत्यों मे लोकगीतों के स्थान पर नर्तकगण सामूहिक रूप से एक विशेष प्रकार को ध्वनि उच्चरित करते है, जिससे उनके लोक नृत्य नियत्रित होते हैं। सामान्यत लोकनृत्यों में सम्मूहिक रूप से लोक गीत गाए जाते हैं। भारतीय नृत्यों में बहुआयामी लोक गीतों का प्रचलन है। यथा–मौसमी गीत सरकार

सबधी गीत, आखेट संबंधी गीत, श्रृगांर सहित विभिन्न रसों के गीत श्रमगीत तांत्रिक गीत, क्रोध–ममता, राग–विराग, सुंख–दुख, हर्ष–शोक, ऐतिहासिक राष्टीय सामाजिक सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक, उमंग उल्लास. भक्ति भाव, प्राकृतिक सौंदर्य आदि। लोकनृत्यों के साथ गाए जाने वाले कुछ लोकगीतों का आकार सूक्ष्म होता है तो कुछ बडे और लम्बे होते हैं। प्रत्यक्ष अनुभव एवं जानकारी के अनुसार आश्चर्य होता है कि साक्षरता और लिखित लिपि के अभाव में भी सामान्य भारतीय लोक गायकों को सैकडों लोकगीत कंठस्थ होते हैं। लोकनृत्यों में गाए जाने वाले लोकगीत भी लोक–नर्तकों को कंठस्थ होते हैं । इतना ही नहीं प्रतिभा के धनी भारतीय लोकगायक या लोकनर्तक लोकनृत्यों में प्रयुक्त होने वाले लोकगीतों की तात्कालिक रचना करने में पूर्ण कुशल होते है। भारतीय लोक नर्तकों का स्टेमना (दम–खम) सराहनीय होता हैं। नृत्य और गीत साथ–साथ घटों चलते हैं. किन्तु उनकी मानसिक एवं शारीरिक स्थिति में थोडी थकान भी नही आती है। ये निरन्तर एक साधक की भांति लोकनृत्य करने में घटों लीन रहते हैं।

Mk- jkt dqekj iVsy ih-,p-Mh- djek ykd uR;

Hkkjrh; ykduR;ksa esa O;kIr fØ;k,a] eqnzk,a ,oa

Hkko&Hkafxek,a

भारतीय लोक नृत्यों में शैलीगत आंगिक क्रियायें होती है, जिस्का सचांलन लोक नर्तकों के अंग–प्रत्यंग में समाहित होकर कुशलता–पूर्वक सम्पन्न होता है। लोक नर्तकों द्वारा सम्पन्न होने वाली लोक नृत्य कीं क्रियाओं और मुद्राओं का आधार रेखागणितीय रचनाशीलता है। भारत के समस्त लोक नृत्य गोलाकार, अर्ध गोलाकार त्रिकोणीय, चतुष्कोणीय, सरल रेखीय, वक्ररेरबीय, अंडाकार एवं सर्पाकार आदि सरल एवं सौम्य स्थिति में सम्पन्न होते

है। लोक नृत्यों में हाथों की पकड़ में भी विविधता है। हाथो की पकड़ भी परम्पारनुसार संबंधित लोकनृत्यों में निर्धारित होती है, जैसे–हथेली मे हथेली डालकर पकडना,एक दूसरे के कन्धों पर हाथ रखना, सामने या पीछे की ओर हाथों की सांकल बनाना, दोनों हथेलियों को दोनों कन्धों पर रखना, दोनों हथेलियों को बारी–बारी से कंधे पर रखना। हथेलियों की यह स्थिति संबंधित लोक नृत्य के अनुसार होती हैं।

भारतीय लोक नृत्यों में लय,ताल,भाव–भंगिमाएँ मुद्राएं एवं क्रियाएँ लोक नर्तकों के पद एवं अंग संचालन द्वारा संचालित होकर दर्षक या श्रोताओं को रस–प्लावित करती है। नृत्य की बेला में लोक नर्तकों की पूरी देह या पूरा देह–छन्द दर्षकों या श्रोताओं को लोकनृत्य की ओर भावानुकूल निष्छल रूप से आकषित कर आंनद की अथाह गहराइयों तक ले जाने में समर्थ होते है। लोक नर्तकण लोकनृत्यों की विधाओं को कभी–कभी केवल मुद्राएँ प्रदर्षित कर या कभी भाव–भंगिमाएँ प्रस्तुत कर दर्षकों का सम्पूर्ण देह–छन्द में में खो जाने के लिए मजबूर कर देते है। लोक नृत्य के चलते कभी–कभी लोक नर्तकों एवं नर्तकों दर्षकों का आनुभूतिक रिष्ता अटूट रूप से स्थापित हो जाता है, जिसका माध्यम लोकनृत्यों की गति, लोकनृत्यों में प्रकृति–दर्षन एवं लोकनृत्यों की बेजोड़ प्रस्तुति आदि होता है । इस तरह लोक नृत्य दर्षन में आनुभूतिक रिष्तों के साथ जुड़े लोक नर्तको के भाव–सौंदर्य और देह–सौदार्य का क्षणिक किन्तु व्यापक विस्तार होता है और यह विस्तार लोकनृत्य

को अधिक स्वादिष्ट बनाता है जिसका रसास्वादन दर्षकों को प्राप्त होता है।लोक नृत्यों की मुद्राओं, भाव–भंगिमाओं एवं क्रियाओं के द्वारा लोक नर्तकों को अपनी कलजा प्रस्तुत करने का सामयिक एवं उपयुक्त अवसर प्राप्त होता है। इसी प्रकार लोक नर्तक अपनी दे हके अलग–अलग हिस्सों के रसपूर्ण भावों की सूक्षमता एवं सघनता एवं सघनता अभिव्यक्त करते है। दर्षक या श्रोताओं को भी अपनी बारीक समझ एवं पैनी नजर से लोक नर्तकों की मुद्रओं, हस्तमुद्रओं, पद–संचालन, भाव–भंगिमाओं एवं आंगिक क्रियाओं को अपने दृष्टिकोण से परखने का अवसर मिलता है। यही सौन्दर्यबोध और क्षणिक आनुभूतिक रिष्ता है।

लोकनृत्यों मे दर्षक को प्रसन्न करने की भावना कतई नही होती है। लोक नृत्य दर्शक के आत्मानन्द और लोक नर्तक के आल्हाद के लिए होता है। इसमें इतनी कलात्मकता एवं रंजकता हाती है कि नर्तक और दर्शक समान रूप से आनंदित होते है। इसमें हृदयंगम करने को सहज एवं स्वभाविक प्रवृतियाँ पूर्व से हो स्वयमेव विकसित रहती हैं। साधारण दर्शक जो लोक नर्तकों द्वारा गाए जाने वाले लोकगीतों की भाषा एवं लोकनृत्यों के मर्मो से अनभिज्ञ रहतो हैं, वे भी लोक नृत्यों की भाव–भंगिमाओं मुद्राओं एवं क्रियाओं को देखने व समझने में गहरी दिलचस्पी रखते हैं। यही क्रियाएं मुद्राएँ एवं भाव–भंगिमाएँ लोकनृत्यों को सर्वाधिक आकर्षक, मनोहारी एवं सुंदर बनाती हैं।

भारतीय लोक नृत्यों मे व्याप्त मिश्रित क्रियाएँ, मुद्राएँ एवं भाव–भंगिमाएँ तथा उनका विवरण निम्नानुसार है :–

1. अलट–पलट	2. झुलनी	3. उछाल
4. ताली	5. लचक	6. झूम
7. ठुमक	8. उडान	9. थिरकन
10. झटका	11. लहक	12. मौरचाल
13. लंगड़ी चाल	14. बैठकी	15. ढ़ड़क–चका
16. सर्पीली लहरियाँ	17. तिनकोनियँ	18. अटारी
19. बिलाई मारना	20. कुलाटें	21. चकरी
22. मटक		

अलट–पलट इसका संबंध लोकनर्तक के सम्पूर्ण शरीर से होता है । कभी चेहरा, कभी पैर, और कभी कभी सम्पूर्ण शरीर को नृत्य की लय–ताल के साथ कभी अर्ध तो कभी पूर्ण अलट–पलट होती है। यह एक विचित्र क्रिया होती है, जिसमें लोक नर्तक जमीन छोडकर. हवा मे उछलते हुए पलटनी लगाता है। किन्तु नृत्य की लयताल में किंचित मात्र भी अंतर या बाधा नहीं आती है।

झुलनी झुलनी से तात्पर्य झूला की झूल है। एकल या समूह नृत्य में जब पैरों को लय–ताल में झुलाकर लोक नर्तक संचालित करते है तो इस क्रिया को ''झुलनी'' कहते है। इस क्रिया में नर्तक का सम्पूर्ण शरीर या

कभी–कभी केवल हाथ–पैर झूले को तरह झूलते हैं, जो नृत्य विशेष पर आधारित होता है।

उछाल

भारत में ऐसे कुछ लोक नृत्य हैं, जिनमें उछाल देखने को मिलती है। इन लोक नृत्यों में वे पद–संचालन निर्धारित होते हैं, जिनमें लोक नर्तक गण अनोखे दृश्य प्रस्तुत करते है, मानो वे हवा में तैर रहे हों। लोकनृत्य की यह मुद्रा केवल उछाल से ही संभव होती है। लोकनर्तक जब नृत्य करते–करते मस्ती मे सराबोर होते हैं तो उछाल की भाव–भंगिमा देखते ही बनती हैं। एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर लय–ताल में कूदने को ''उछाल'' कहते हैं। उछाल का ज्वलंत रूप प्रमुखतः पंजाब के भांगड़ा, गुजरात के डांडिया रास, पश्चिम–बगंल के पुंगचोलम तथा नागाओं के लोक नृत्यों में देखने को मिलता है। उछाल युक्त लोवनृत्यों में जैसे–जैसे रिदम गति पकड़ता है, जोशीली एवं कलापूर्ण उछालों का करिश्मा दर्शकों को आनंद–विभोर कर देता है। भारतीय लोक नृत्यों में यह अनूठी भावमुद्रा होती है।

ताली

ताली बजाना मानव जाति की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। ताली बजाना एक शारीरिक किया है। किसी व्याख्यान की समाप्ति पर, किसी उत्सव या आयोजन आदि में हार या पुष्पगुच्छ अर्पित करने पर, खुशी के

किसी अवसर पर या किसी कार्यक्रम आदि को समाप्ति पर स्वाभाविक रूप से तालियों को गड़गड़ाहट वातावरण को सुखमय बनाती है ।

तालियों की यही आनन्दात्मक अनुभूति भारतीय लोकनृत्यों में एक मुद्रा के रूप में व्याप्त है । अनेक लोक नृत्यों में ताली बजाने की प्रधानता होती है। लोक नृत्यों में ताली रूपी यह क्रिया प्रमुखतः लोक गीतों के साथ सम्पन्न होती है। तालीप्रधान लोक नृत्य अधिकता महिलाओं द्वारा नाचे जाते हैं। हाथों का सुन्दर संचालन और पैरों की थिरकन इन लोक नृत्यों की अपनी निजी विशेषता होती है। भारत के ताली प्रधान लोकनृत्यों में जिनका प्रमुख स्थान है, उनके नाम इस प्रकार है–

(1) गुजरात का गरबा,

(2) छत्तीसगढ़ का सुवा,

(3) धार–झाबुआ (मध्यप्रदेश) का डोहा,

(4) मंडला (मध्यप्रदेष) का रीना,

(5) पंजाब का रीना

(6) उड़ीसा का रिंझो

लचक

लचक, जिसे लोच भी कहा जाता है। नृत्य करते समय लोक नर्तकों की यह स्वाभाविक शारीरिक किया है, जिसके आधार पर नृत्यों की विभिन्न

मुद्राओं का प्रदर्शन किया जाता है। लोक नर्तकों के शरीर मे जितनी ज्यादा लोच–लचक होगी, उतना ही सुंदर और आकर्षक होगा। लोच–लचक के द्वारा लोक लोक नर्तकों का बिलकुल कमानी या स्प्रिंग जैसा हो जाता है। लोच–लचक का स्थान प्रमुख रूप से नर्तकों की कलाई, कमर, गर्दन,घुटने एवं पैर के गट्ठों में होता है। भाव–भंगिमाओं मुद्राओं का नयन सुख इसी लोच–लचक के द्वारा संभव होता है।

झूम

झूम का अर्थ है, झूमना। जैसे हाथी झूमते हुए चलता है। शराबी की झूम जगप्रसिद्ध जिस प्रकार हवा के झोको से वृक्ष की शाखाएँ झूमती है,उसी प्रकार लोक नृत्यों में झूम एक मुद्रा,भगिमा,या क्रिया के रूप में व्याप्त है । जब लोक नतक,अपनी पूरी मग्न होकर सम्पूर्ण शरीर के कडेपन को शिथिल कर लोकनृत्य करता है, तो क्रिया स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होती है। लोक नृत्यों में झूम वह चमत्कारिक स्वागविक क्रिया है, जो दर्शकों को बरबस अपने प्रभाव में ले लेती हैं तथा दर्शक, अपने स्थान में झूमने लगते हैं । करमा झूमर नृत्य एवं पूजा नृत्य इसके साक्षात् उदाहरण है ।

ठुमक

इसे ठुमकी भी कहा जाता है । भारत के अनेक लोकनृत्यों में ठुमक–ठुमक कर संचालय की सहज

प्रवृत्ति पाई जाती है । पंजाब का भांगड़ा लोकनृत्य ठुमक क्रिया लिए प्रसिद्ध है। लोकनृत्यों में ठुमक का सीधा संबंध लोक नर्तकों के कूल्हो, गर्दन कमर,आंख हाथों की उंगलियां, पंजे एवं चेहरे से होता है । जब पैरों में घुघंरू होते है तो लोकनृत्यों में ठुमके की सुन्दरतम मुद्रा देखते ही बनती है ।

उड़ान

उड़ान कहते ही हमारा ध्यान पक्षियों के उड़ने की ओर जाता है ।चूंकि लोकनृत्यों जन्म प्रकृति की गोद में हुआ है, अतः लोक नृत्यों में प्राकृतिक प्रवृत्तियॉ ही अधिक समाहित है । उड़ान भी लोक नृत्यों की एक प्राकृतिक प्रवृत्ति एवं क्रिया है । पक्षियों समान लोक नर्तको ने अपने विभिन्न लोक नृत्यों में उड़ान मुद्रा को स्थापित किया लोक वाद्यों की गति के साथ जब नर्तक अपने दोनों हाथों की मुद्रा पक्षियों के परों की बनाता है, तो कुछ क्षणों के लिए वह अपने अन्तर्मन से पक्षियों के लोक मे जाता है । यह क्रिया द्रुत गति के लोकनृत्यों में सषक्त रूप से पाई जाती है। भगोरिया नृत्य,पंथी नृत्य, भांगड़ा नृत्य एवं डांडिया रास नृत्य आदि इसके उदाहरण है ।

थिरकन

थिरकन का संबंध ध्वनि तरंगों से होता है । लोक नृत्यों में यह एक भौतिक क्रिया है लोक वाद्यों से निकली विषेंष ध्वनि तरंगे लोक नर्तको के पैरों में

थिरकन पैदा कर उन्हें लोक नृत्य के लिए उद्यत करती है । यह गुण मादर, मृदंग ढोल निषान ढोलक नंगाड़े एवं नगडिया आदि अवनद्य वाद्यों में सर्वाधिक है। इन लोक वाद्यों मे थाप पड़ते ही थिरकन उत्पन्न हेती है और लोक नृत्य प्रारंभ हो जाता है । लोक नृत्य में यह क्रिया पैरों की उंगलियों पंजे और एड़ियें द्वारा उत्पन्न होती है। थिरकन पारस्परिक संबंध लय, ताल एवं थाप से विषेष रूप से होता है।

झटका

मानव की दैनदिन क्रियाओं में उसके अंग–प्रत्यगों से झटकने का कार्य सम्पन्न होता है । जैसे गीले कपड़े से पानी झटकना कपड़ों को झटक कर धूल आदि साफ करना हाथ–पैर झटकना महिलाओं द्वारा स्नानोपरांत केष झटकना आदि। इसी तरह पषु–पक्षियों में भी शारीरिक अंगों को झटकने की प्रवृत्ति पाई जाती है । शरीर की मांस–पेषियों के क्षण्कि अवरोध को भी कभी–कभी झटक कर ठीक किया जाता है । ऐसा ही झटका लोक नृत्यों की विभिन्न मुद्राओं एवं भंगिमाओं में सहज एवं स्वाभाविक रूप से लगाया जाता है। लोकनृत्यों में पैरो को पटकना और लय ताल के साथ उचट कर आगे–पीछे चलना ही झटका कहलाता है । एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर नृत्य करने के लिए उचटकर कूदने में भी

झटका की मुद्रा का निर्माण होता है। नृत्य करते समय कमर,गर्दन,पैर एवं हाथ झटका के प्रमुख अंग होता है।

लहक — कुत्ता तेज गर्मी के कारण जब अत्यन्त व्याकुल होता है तो अपनी लंबी जिन्हा को लहकते हुए बाहर निकाल कर अपनी व्याकुलता दूर करता है किन्तु लोक नृत्यों में यही लहक लोक नर्तकों की आनन्दानुभूति का साधन बनती है। मध्यप्रदेष की बैगा जन–जाति के लोक नृत्य लहक प्रधान होते है। बैगाा लोकनर्तक जब करमा खरी और करमा लहकी करते हैं तो इन लोक नृत्यों में लहक क्रिया व भावनुभूति की छवि देखते ही बनती है ।

मोरचाल — राष्ट्रीय पक्षी मोर से सभी भली–भांति परिचित है । प्रकृति प्रदत्त मोर की बहुरंगी सुन्दरता से मानव सदैव सम्मोहित रहा है । भारतीय लोक नृत्यों से इस पक्षी का अभिन्न संबंध है। कहीं इसके परों की अनन्त उपयोगिता है, तो कहीं इसकी चाल की गहरी पैठ है मोर चाल लोकनृत्यों में अनूठी मुद्रा है । इसे मोर घुसन के नाम से भी जाना जाता है । वैसे तो भारत के अनेकानेक लोकनृत्यों में मोरचाल की मुद्रा पाई जाती है, किन्तु मध्यप्रदेष में राई नृत्य में मारे चाल का अद्वितीय चमत्कार है । राई नृत्य में एक ही

जगह चौतरफा घूमती हुई बेड़ानी मुरैठा लगाकर पलटरी है और गर्दन को घुमाती है तो रसिक मिजाज दर्षक बेड़नी पर लट्टू हो जाते है। छत्तीसगढ़ के ही रायगढ़ के सरहुल लोक नृत्य में वादकरगण अपने को साक्षात् मयूर समझकर मोर चाल में नृत्य करते हुऐ वाद्य बजाते है। इस समय वादकगण मयूर पंख से निर्मित चुब्बा झोल धारण करते है।

लंगड़ी चाल

मानव अपने दो पैरों से चलता है, भागता है, कूदता–फांदता है तथा नृत्य करता है, किन्तु किसी कारणवष जब मानव के किसी एक पैर में कोई विकृति या दोष आ जाता है तो उसकी प्रकृतिजन्य सामान्य चाल में अंतर आ जाता है। इसे लंगड़ी चाल कहते है। चौपाया जानवरों को भी कभी–कभी यही स्थिति हो जाती है। लोकनृत्यों की मुद्राओं में भी इसका प्रभाव पड़ा और उनकी भाव–भंगिमाओं या मुद्रओं में लंगड़ी चाल ने जन्म लिया । लोकनृत्यों में लंगड़ी चाल के अनुरूप लय, ताल का भी निर्माण किया गया । तदनुसार इन लोक नृत्यों में वादन एवं पद–संचालन लंगड़ाने के समान होते हैं करमा लंगड़ा एवं करमा खाप इसके प्रमुख उदाहरण है।

बैठकी — लोक नृत्यों में बैठकर नृत्य करने को बैठकी कहते है । बैठकी मुद्रा के लिए अलग–अलग नृत्यों में अलग–अलग समय और स्थान निर्धारित होता है ं कुछ लोक नृत्यों में बैठकी किया मुक्त और स्वच्छन्द रूप से सम्पन्न होती है, किन्तु कुछ में यह गीत की पंक्ति पर निर्भर होती है । छत्तीसगढ़ का फुगड़ी नृत्य तो पूर्ण रू‍प से बैठकी पर ही निर्भर होता है। पंजाब के भांगड़ा व गिद्दा में मुक्त और स्वच्छन्द बैठकी होती है , जबकि हिमाचल प्रदेष के लोक नृत्यों में बैठकी का समय निर्धारित एवं निष्चित होता है ।

ढंड़कचका — चक्र की तरह लुढ़कने वाली मुद्रा को लोक नृत्यों में ढंड़कचका कहते है। लोक नर्तक को उंमग आती है और वह पल भर में ढंड़कचका की मुद्रा में लीन हो जाता है । भारता में अनेक ऐसे लोक नृत्य है , जिनमें लोक नर्तक नृत्य करते हुए धरती पर पलक मारते ढंड़कने लगता है ।

सर्पीली लहरियॉ — सर्प की वक्र चाल ही सर्पीली लहरियॉ हैं ।लोक नर्तक एक के पीछे एक होकर लम्बी कतार में सर्प जैसी लहर बनाते है। महाराष्ट्र का तर्पा नृत्य एवं छत्तीसगढ़ का गवर नृत्य सर्पीली लहरियों के लिए प्रसिद्ध है।

तिनकोनियां लोक नृत्यों में नृत्य करते हुए तीन कोण बनाना तिनकोनियॉ कहलाता है । यह मुद्रा लोक नृत्यों में इतनी तीव्रता से निर्मित होती है कि साधारण दर्षक इसे समझने में एकाएक असमर्थ रहता है । छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में निवास करने वाली धुर्वा जात के परब नृत्य में तिनकोनियॉ मुद्रा को देखा जा सकता है ।

अटारी भवन निर्माण की आधुनिक चमक–दमक पूर्ण अटटालिकाओं के प्रभाव से भारतीय ग्रामीण क्षेत्र का जनमानस आज भी अप्रभावित हैं गांवों में यदि किसी ने एक मंजिला या दो मंजिला भवन बना लिया तो उसे आंचलिक बोली में अटारी कहते है। हमारे भारतीय लोक नृत्यों में भी अटारी का पारम्परिक चलन है। अटारी बनाने के लिए लोक नर्तक नृत्य करते हुए गोल घेरे में एक–दूसरे के हाथों को पकड़कर तथा कन्धों पर चढ़कर जब एक, दो या तीन मंजिल बनाते है, तो इसे अटारी कहते है । यहा किया वाद्यों ओर गीतों की लय, ताल व स्वर के साथ नृत्य करते हुए निर्विघ्न सम्पन्न होती है । मध्यप्रदेष के बेवंर नृत्य, अटारी नृत्य एवं (छत्तीसगढ़) पंथी नृत्य इस किया के परिचायक है। पंजाब के भांगड़ा नृत्य में एकल अटारी का निर्माण लोक नर्तक

अति उंमग व मस्ती से साथ करते है। इस क्रिया को पिरामिड्स के नाम से भी जाना जाता है । गुजरात के आदिवासी नृत्य में भी अटारी बनाई जाती है।

बिलाई मारना बिल्ली जिस तरह से दुबक–दुबक कर दौड़ती है, उसी तरह लोक नृत्यों में भी बिलाई मारना एक क्रिया पाई जाती है , जिसमें बिल्ली के दुबकने जैसा संचालन किया जाता है।

कुलाटें ग्रामीण परिवेष में छोटे–छोटे बच्चे जब खेल–खेल में घर के अंगान में सिर के बल से पूरे शरीर को पलटाते हैं तो इस क्रिया को कुलाटें या पलटनी कहते है । भारत के अनेक लोक नृत्यों में कुलाटें मारने की क्रिया अत्यन्त लोकप्रिय है । लोकनृत्यों में कुलाटें मारने या पलटनी खाने की कलात्मक मुद्रा लोकनर्तक एवं लोकवादक दोनों में समान रूप से सम्पन्न होती है । इस क्रिया में पलटा खाने के बाद झटके के साथ लय, ताल के साथ उठने के लिए नर्तक एवं वादक को अत्यधिक सतर्क रहना पड़ता है।

चकरी लोकनृत्यों में चकरी का महात्वूर्ण स्थान है। इसका उपयोग अवसरानुकूल भाव–भांगिमा, मुद्रा या क्रिया के रूप में होता है। चकरी को आंचरिक बोलियों के अनुसार सम्पूर्ण भारत में अलग नाम से जाना जाता

है , यथा भ्रमरी, घेर, घूमरी चक्कर, गिरदी एवं घूम आदि। लोक नर्तक अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार लोक नृत्यों में इसे सम्पन्न करता है । गुजरात का गरबा, राजस्थान का घेर–घूमर मध्यप्रदेष का राई, पंजाब का गिद्दा एवं उत्तरप्रदेष का चरकुल आदि लोकनृत्यों में चकरी का ही सर्वाधिक आकर्षण होता हे ।लोक नृत्यों में इसकी अवस्था कभी आधा घूमना कभी पूरा चक्कर लगाना तथा कभी–कभी निर्धारित अवधि के अनुसार चकरी मारना होता है।

मटक

मटक शब्द कहते ही हमारा ध्यान मटकने की ओर जाता है । लोक नृत्यों की यह प्राथमिक एवं अनिवार्य क्रिया है । विष्व का ऐसा कोई भी लोकनृत्य नहीं होगा, जिसमें नृत्य तो हो किन्तु मटकने की क्रिया देखने को न मिले । लोक नृत्यों में स्वाभाविक रूप से इस क्रिया की प्रधानता निहित है ं वास्तव में नृत्य करना एवं मटकना एक–दूसरे के पर्याय व पूरक है। लोक नृत्य जब प्रांरभ होता है तो सर्वप्रथम लोक वाद्यों की ध्वनि तरंगे, लोक नर्तको के शरीर में रक्त–कणों के साथ समाहित होकर एक मनोवैज्ञानिक हलचल पैदा करती है । इसी के साथ लोक नर्तकों के समस्त अंग–प्रत्संग मटकना क्रिया

के सषक्त प्रभाव में आते हैं, फलस्वरूप उनका ध्यान उस समय सर्वस्व भूलकर केवल लोक नृत्य की ओर ही केन्द्रित हो जाता है ं लोक वाद्यो पर जोर की थाप पड़ती है और ओजपूर्ण मटक के साथ नृत्य प्रारंभ हो जाता है। मटक का यह सिलसिला नृत्यावधि में तरह–तरह के मनोरंजन रूपों के साथ नृत्य की समाप्ति तक जारी रहता है। लोकनृत्यों में मटक का सीधा संबंध लोक नर्तकों की आंख, मुख ,गर्दन, कमर, पैर, हाथ एवं उंगालियां से रहता है । लोकनृत्यों में मटक से संबंधित मुद्राओं भंगिमाओं एवं क्रियाओ की गति, लय, सीमावधि एवं प्रस्तुति वृहत् होती है । यह लोक नर्तकों की चमत्कारिक कला क्षमता पर निर्भर होता है कि वह कितनी देर तक और किस तरह मटक–मटक कर दर्षकों का मन मोह सकता है।

इस तरह भारतीय लोक नृत्यों के लोक कलाकारों में प्रदर्षनकारी विविध मुद्राओं, भाव–भंगिमाओं एवं क्रियाओं के अध्ययन से यह स्पष्ट है कि इनमें भारतीय लोक नृत्य स्वस्थ मनोरजंन, स्फूर्तिजन्य शक्ति स्वच्छ विचार–धारा एवं आकर्षण के केन्द्र बनते है । भारतीय लोक नृत्यों के लोक कलाकार यद्यपि अधिक पढ़े–लिखे एवं संस्थागत् षिक्षित– प्रषिक्षित नहीं होते है । किन्तु कला–कौषल अभिनय, प्रस्तुति, तत्कालिक–समझ, विवेकपूर्ण सामंजस्य क्षमता एवं

लोकनृत्य निपुणता आदि में दक्षता के लिए विष्व में इनका कोई सानी नहीं है। भारतीय लोक नृत्यकारों की यह कला–प्रतिभा इन्हें इनके पूर्वजों से परम्परानुसार विरासत के रूप में प्राप्त रहती है, जो अतीत काल से इनमें पुष्पित एवं पल्लवित होती रहती है । यह सब इनके पूर्वजों की देन है तथा पूर्वज ही इनकी इस लोककला के गुरू है । भारतीय लोक नृत्यों की कोई निर्धारित षिक्षण पद्धति नहीं रहीं है न ही इनकी कोई पाठषाला या षिक्षण संस्थाएँ थी। भारतीय लोक नृत्यकार जन्म–जन्मान्तर से लोक नृत्यों को समर्पित हे । आज भी इनकी समर्पण भावना में कोई कमी नहीं आई है । उल्लासित एवं पुलकायमान ये भारतीय लोक नृत्य जब अपनी सहज भाव–भंगिमाओं के साथ प्रदर्षित होते है तो जन–जन के अंग–प्रत्यंग स्पंदित होकर थिरकने लगते है तथा दर्षकगण क्षण भर के लिए जीवन की छोटी–बड़ी विसंगतियों आदि को भूलकर सुखानुभूति के अपार सागर में तरंगित हो उठता है। यह मनौवैज्ञानिक सत्य है।

l¦Jh- y{eh lk<h ifl) uR;kxuk ¼ek[kiky] nUrokMk
cLrj½
;¦od fofLeYyk [kk lxhr ukVd vdkneh vokMh
ykduR;k d lj{k.k d ifr jk"Vh; fpUru



लोक नृत्यों की मौलिकता को जीवित रखने के लिए राश्ट्रीय पैमाने पर जागरूक प्रयत्न निरंतर करने में बहुत आवष्यकता है। यदि ऐसा न किया गया तो अतीत की अत्यन्त बहुमूल्य धरोहर वर्तमान के प्रदूषित वातावरण के कारण विस्मृति के गर्भ में समा सकती है। लोक नृत्यों की मौलिकता को जीवित रखने का दायित्व उन सब लोकनृत्य, लोक संगीत या लोक कला के विद्यार्थियों, शोधाथियों, लोक कलाकारों, मर्मज्ञों एवं विषेष पर होना चाहिए, जो लोक नृत्य या लोक सं गीत के सृजनात्मक रख–रखाव के तरीके में सिद्धस्थ है तथा जिनका इस क्षेत्र में गहरी पैइ है। यदि इस

संवेदनषील तथ्य पर गंभीरतरपूर्वक विचार नहीं किया गया तो आधुनिक बदलते परिष्श में लोक संगीत या लोक नृत्यों के नाम पर अनेक कुत्सित, दोषपूर्ण तथा स्वैच्छिक रचनाएँ करने लगेंगी, जिससे इनकी मौलिकता एवं पराम्परा को घातक आघात पहुचेगा। अनेक लोगों मने तो ऐसा करना प्रारंभ भी कर दिया है, यथा– लोक नृत्य व लोक संगीत में गिटार, बेंजो, वायलिन, केषियों व तबला आदि का प्रयोग।

प्रकृति परिवर्तनषील है, अतः सांसारिक गतिविधियों मे परिवर्तन होना अवष्याम्भावी है। लोक7कलाओं लो–संगीत या लोक नृत्यों में भी समय एवं परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तन स्वाभाविक है। इसे रोक पाना प्रायः असाध्य कार्य है, किन्तु लोक संगीत एवं लोक नृत्यों के उपासक या मर्मज्ञों पर यह महत्वपूर्ण दायित्व है कि किसी परिवर्तन या नई चेतनाओं के अनुसार नवीन रचनाओं में लोक संगीत या लोक नृत्यों के मूल तत्व की प्रामाणिकता को कायम रखना अतिआवष्यक होना चाहिए। इस ओर सतत् जागरूक् रहने की महा आवष्यकता है। ऐसे किसी भी प्रदूषण की जानकारी प्राप्त होने पर मौलिकता की रक्षा हेतु सामाजिक, क्षेत्रीय, राज्यीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप आवष्यक है। यह तभी संभव है जब दक्ष लोक संगीतज्ञों, लोक नृत्यकारों की देखरेख में प्रतिभाषाली एवं लोक नृत्यो के प्रति समर्पित लोक–संगीतकार तथा लोक नर्तकगण स्तर पर संगठित प्रयास करें। यह चेतावनी इसलिए आवष्यक है, क्योंकि प्रत्येक लोक नृत्य की अपनी विषिष्ट परिस्थितियाँ एवं वातावरण होता है। इस विषिष्टता के विपरीत किसी पुर्नरचना या पुननिर्माण की प्रक्रिया में स्वरूप, आत्मा या शक्ति क्षीण होने का

पूर्ण अंदेषा है। लोक नृत्य की स्वभाविकता, जो इनका सबसे बड़ा आकर्षण एवं विशेषता है, विनष्ट होने पर इनका विघटन होने की पूर्ण संभावना है। इसका निदान यह होना चाहिए कि आधुनिक रंगमंच पर लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाने के समय वे सभी मूल तत्व कायम रखे जाये जो इनमें मौलिकता के लिए आवष्यक है या जिनमें इनकी सांस्कृतिक तथा पारम्परिक मान्यताएँ निहित है। इनके लिए लोक नृत्य विषेष की गहन जानकारी के साथ–साथ संबद्ध समुदाय के लोक जीवन के संबंधित ज्ञान आवष्यक है। केवल लोकनृत्यों के स्वरूप का तकनीकी ज्ञान मात्र ही पर्याप्त नहीं है।

लोक नृत्यों के संरक्षण के लिए एक उपयुक्त माध्यम प्रशिक्षण संस्थाएँ, विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय भी हो सक्ले है, जहाँ अन्य विषयों के साथ लोकनृत्य के पाठ्यक्रम निर्धारित कर छात्र–छात्राओं व प्रशिक्षणार्थियों को मौलिक शिक्षण दिया जावे। इतना ही नहीं, शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त छात्र–छात्राओ समुचित प्रोत्साहन दिया जाना आवष्यक होगा, ताकि उनकी शिक्षा–दीक्षा मे जीवन्तता बनी रहे। इस लक्ष्य को उन समस्त संस्थाओं एवं व्यक्यिों के संयुक्त प्रयास से पूरा किया जा सकता है, जो भारतीय लोक नृत्यों पुनरूत्थान, संरक्षण और मौलिक प्रचार–प्रसार के प्रति निष्ठावान हैं। लोक नृत्यों के इस पहलू के प्रति उचित सार्वजनिक दृष्टिकोण से राष्ट्रीय एकता को प्रक्रिया को तेज करने में बड़ी सहायता मिल सकती हैं।

ej nk o"k d vuHko ,o fpru

करमा लोक नृत्य की उत्पत्ति पर विचार करने के पूर्व मानव की आदिम सभ्यता के अतीत काल की ओर भी दृष्टिपात करने की आवश्यकता है। हजारों वर्ष पूर्व जब आर्य एवं सभ्य जातियां नहीं थीं, आज के जैसे शहर और गांवों का प्रचलन नहीं था, उस समय लोग गिरि कंदराओं एवं जंगलों में रहकर जीवन –निर्वाह करते थे। परस्पर मेल–जोल, नाता–रिश्ता जैसे सामाजिक क्रिया कलापों का पूर्ण अभाव था। सांसारिक गतिविधियों से अनभिज्ञ आदिमानव को धरती से अन्न उपजाना नहीं आता था। शरीर ढंकने के लिये न तो कोई उपयुक्त साधन थे और न ही महत्व समझते थे। आरंभिक काल में आदिमानव प्रायः नग्न ही रहा करता था। कालान्तर में पेड़

की छाल और पत्तों से शरीर को ढांकना सीखा गया। खाने के लिए कंद–मूल फल या जंगली जानवरों का मांस प्राप्त किया जाता था। शनै–शनैः शिकार का ज्ञान प्राप्त कर तीर–कमान, भाला बरछी आदि अविकसित अस्त्र–शस्त्र लेकर शिकार की तलाश में दिन–रात जंगलों में भटकते रहते थे। इसी उपक्रम में वे कभी जानवरों का शिकार करते तथा जानवर उन्हें अपना शिकार बनाते थे। दिन–रात जंगलों, झाड़ियों में भ्रमण के दौरान आदिमानव ने प्रकृति की अनेक रचनाओं, क्रियाओं का अवलोकन उनमें रच बस कर निकट से किया। उसने हवा के झोकों से डालियों को झूमते देखा, बिजली की चमक देखी, वर्षा की बूंदों की टप–टप की ध्वनि का अनुभव किया, बादलों की गर्जना सुनी तथा जंगली हाथियों को मदोन्मत्त चाल से झूमते देखा। चिड़ियों की चहचहाहट, भौरों की गुनगुनाहट, झींगुरों की झनझनाहट और कोयल के कुहु–कुहु का मधुर स्वर भी उसके कानों में पड़ा। हिरन की चौकड़ी, सर्प की लहराती गति, मेंढकों की उछाल तथा मोर और कबूतर की थिरकन ने उसको आकर्षित कर नृत्य क्रिया के आर्भिभाव के लिए प्रेरित किया। प्रकृति की इस अनोखी क्रियाशीलता को देखकर उसने भी अनुकरण करना प्रारंभ किया। चूँकि मानव प्रारंभ से ही कौतूलहल प्रिय एवं सृजनशील रहा है, अतः प्रकृति की अनेक मनोहरी कलाओं की इन नृत्यात्मक विधाओं से प्रेरणा लेकर आदमिानव ने अपने मनोरंजन के लिए धीरे–धीरे अनेक नृत्य कलाआकें को जन्म देना आरंभ किया। इससे उसे सुख और मनोरंजन अनुभूति का अनुभव हुआ। इसी अनुभूति के

अनुरूप आदिमानव प्रकृति से प्राप्त नृत्यात्मक क्रियाओं की साधना में निरन्तररत् रहा। अनेक उतार–चढ़ाव के उपरान्त उसने लोकनृत्य कला को जन्म दिया, जो कालान्तर में विभिन्न लोक नृत्यों के रूप में स्थापित होकर लोक जीवन के अभिन्न अंग बन गये।

लोक नृत्य प्रकृति की अनोख देन है। प्रकृति–दर्शन का दूसरा नाम ही लोक नृत्य है। डॉ. शरच्चन्द्र श्रीधर परांजपे की ''भारतीय संगीत का इतिहास'' के अनुसार ''भारतीय परम्परा के अनुसार नटराज शिव नृत्य कला के आदि श्रोत है और ''नृत्यकला का ताण्डव तथा लास्य रूप भगवान शिव तथा पार्वती की देन माना जाता है।

लोक विश्वास के अनुसार भगवान शंकर एवं माता पार्वती को प्रकृति का रूप ही माना गया है, तदनुसार क्रियाएँ वीभत्स भंकगमाएँ आदि रूप व्यापत है जो ताण्डव नृत्य में भी विद्यमान होते है। जिस तरह आदिमानव शारीरिक स्वरूप और सृष्टि की अन्य वस्तुओं का क्रमिक एवं युग परक विकास हुआ, उसी तरह लोक नृत्यों का भी क्रमिक एवं युगानुरूप विकास हुआ है।

मानव आदिकाल से नाचता चला आ रहा है। छोटा सा शिशु पालने में जब आनंद विव्हल होता है तो उसकी खुशी का पारावार नहीं रहता। वह हाथ–पैर चलाता है, किलकारी मारता है। उसका आनंद उसके अंग प्रत्संगों से मानों फूटकर निकल पड़ता है। मृंग का छौना, गाय का बछड़ा मां का दूध पीकर खुशियाली उछलता–कूदता है। पक्षी भी जब मन में उमंग आती है, तो

अनेक–अपने जोड़ो के सामने उन्हें रिझाने के लिए नाचते है। काले–काले मेधों को देखकर मोर नाचते है कबूतर–कबूतरी के आसपास नाचते हुए किलोल करता है। इस प्रकार जान पड़ता है कि समस्त जीवधारी वर्ग में आनंद का सृजन होता है और वह आनंद अपने आप प्राण मात्र के हाव–भाव, अंग संचालन से या अंग विन्यास से प्रकृट होता है। उसके अंग फड़कते है, मचलता, उछलता है– बस लोक नृत्य का जन्म का यहीं से होता है।

मानव, अन्य प्राणियों की तुलना में बुद्धिमान है, विवेकशील है। आदिकाल से ही उसने इस प्रकृति–जन आनंद' को यों ही बिखरने नहीं दिया। युगानुरूप नर्तन की ये गतिविधियों मानव जीवन में अपने आप परिस्थिति की आवश्यकतानुसार श्रृंगारबद्ध होती गई। उन पर मानव मस्तिष्क मानव की विभिन्न प्रकार की रूचियों का प्रभाव पड़ा साथ ही सामाजिक संस्कार, आचार–विचार, वातावरण, परिश्रम आदि भी प्रभावित हुए। उनका क्रमिक लोकव्यापीकरण मानव के दैनिक जीवन मे हुआ। नर्तन, लोक नर्तन में परिवर्तित हुआ। लोक नर्तन की गतिविधियाँ निखरती गई मंजती गई, बनती–बिगड़ती गई और विभन्न प्रकार की शैलियों का रूप धारण करते हुए लोक नृत्यों में परिवर्तित होती गई तथा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तगत होती गई। आज जो हमारे सामने है, वह मानव समाज के ऐसे उल्लास, उमंग, आनंदानुभूति का एक जीवन चित्र है, प्रकृति प्रदत्त रूप है। यहीं तो लोक नृत्य है। लोक नृत्य में मानव अपना सम्पूर्ण अस्तित्व भूलकर लोक नृत्य रूपी सागर में डूब

जाता है। उसकी आनन्दमयी चेतना उस चरम छोर पर पहुंच जाती है, जहाँ केवल लोक नृत्य–संगीत की माहक तल्लीनता रह जाती है, और फिर समस्त प्रकृति उसे अपने में ही समाहित प्रतीत होती है – यहीं लोक नृत्य है।

लोक नृत्य प्राकृतिक है। न इनकी शास्त्र परक रचना की गई है, न ही इनके शास्त्रोक्त सूत्र निर्धारित है। काल की गति और उतार–चढ़ाव का सामना करते हुए, अपने अस्तित्व की स्वयं रक्षा करने में सक्षम ये लोक नृत्य सदियों से समाज और राष्ट्र की निधि के रूप में निखरते और संवरते चले आ रहे है। प्रकृति प्रेरणा की प्रतिमूर्ति है, हमारे ये लोकनृत्य। प्रकृति की नित नई बदलती हुई छटा और उन्मुक्त वातावरण ने आदि मानव को नृत्य करने के लिए प्रेरित किया, ऐसा जान पड़ता है। लोक नृत्यों की सृजनशील के संबंध में कल्पना है कि सर्वप्रथम प्रकृति के बवंडरो की तरह लोक नृत्य भी बेतरतीब रहे होंगे। फिर मानव ने प्रकृति की लयात्मक कोमलता को अपनाया। उसने वृक्षों की लहराती हुई कोमल डालियों से लोच चुराई। पानी की मचलती हुई लहरों से लहराना पाया। पक्षियों की कतारों से नृत्य में कतार बनाना सीखा। पक्षियों से फुदकना, हिरनों से उछलना और कनरव से समूह में गाना सीखा। इस प्रकार लोक नृत्य की समस्त खूबियाँ मानव ने प्रकृति और उसके मुक्त वातावरण से प्राप्त की।

जिस भू–भाग की जैसी प्राकृतिक छटा है, आज वहाँ प्रचलित लोक नृत्य भी उसी के अनुरूप है। बीहड़ की छाप उनकी साज–सज्जा में लगाई है। अपने सांस्कृतिक रीति–रिवाजों को लोक नृत्य रूपों माला में पिरोया है। चूंकि स्थान विशेष के अनुसार

समाज भी विभिन्न वर्गो में विभाजित है, उसकी संस्कृति, उसकी मान्यताएँ भी भिन्नता है। वे खास समाज, जाति, क्षेत्र या वर्ग के बन गए है। पर मूलभूत तत्व सभी लोक नृत्यों में समान हैं, यथा– समूह, पंक्तिबद्धता अर्ध घेरा, उछलकूद, सरपट चाल, गोल घेरा, लोच, कलाबाजी, हाथ में हाथ की पकड़ एवं पद–संचालन आदि।

लोक नृत्यों की उर्वरा भूमि ग्रामीण परिवेश है। गांवों में लोक नृत्यों के आयोजन के लिए कोई निष्चित या नपा तुला रंगमंच नहीं होता है। बल्कि खुले रूप से ग्रामीण जनों द्वारा निर्धारित किए गए एक सार्वजनिक स्थान में लोक नृत्य सम्पन्न होते हैं। ऐसे सार्वजनिक खुले स्थान को गांवों में 'खाना', 'अखरा' 'चौपाल', 'मैदान', या 'डॉण' आदि नामों से जाना जाता है। गांव के लोग बिना किसी मान–मनौव्वल की प्रतिक्षा के इस निर्धारित स्थान में लोक नृत्य के लिए एकत्र होते हैं। आपस में चर्चाएँ होती हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक मामलों पर विचार–विमर्श होते है। चूंकि लोक नृत्यों के लिए यह स्थान खुला होता है। अतः लोक नृत्यों में सम्मिलित. ग्राम्य–जनों के मस्तिष्क एवं हृदय भी खुले होते हैं। नैतिक मूल्यों तथा विशाल सांस्कृतिक, मान्यताओं के उच्च आदषों का अनुपम उदाहरण हमारे लोक नृत्य हैं । गांव में जब लोक नृत्यों का आयोजन होता है तो गांव में निवास करने वाले हिंदु, मुसलमान, सिख, ईसाई गरीब, अमीर आदि सभी बिना किसी भेद–भाव या संकुचित भावनाओं के सम्मिलित होते हैं जो सम्मिलित नहीं होते हैं वे दर्शक बनकर प्रोत्साहित करते हैं । ऊंच–नीच, जात–पात जैसे कलुषित भावनाओं के लिए यहां कोई स्थान नहीं है । लोक नृत्य की बेला में विभिन्न धर्मों के अनुयायियों का एक ही धर्म है लोक नृत्य का आनंद प्राप्त करना। भारतीय लोक संस्कृति

का आधारभूत सत्व 'अनेकता में एकता' है इसलिए हमारे लोक नृत्यों में बहुआयामी विशेषता होती है । हमारी राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिकता सदूभाव का मर्म हमारे लोक नृत्यों में निहित है । इससे भी बडकर बात लोक नृत्यों में सन्विहित भावनात्मक एकता है । वास्तव में लोक नृत्य ग्राम्य जनों के हदय–पटल में एकदूसरे के प्रति सम्मोहक स्नेह जागृत करते हैं। यह एक मनौवैज्ञानिक अनुराग है। जिसके कारण ग्राम्य जन किसी जात–पाता या वर्ग भेद की कभी कल्पना भी नहीं कर पाता। लोक नृत्यों की छत्र–छाया में जाति भेद से ऊपर समग्र रुप से एक ग्राम–परिवार होता है। जो एकदूसरे के साथ सौहार्द्र पूर्ण संबंधो से जुड़ा रहता है। अवस्था के अनुसार समी वर्ग के लोग गांव में एक–दूसरे के भाई–बहिन, काका–काकी, मामा–मामी, दादा–दादी, पुत्र–पुत्री , भतीजा–भतीजी आदि पवित्र रिश्तों के अनुपालक होते हैं। यह भारत की निजी पहचान है। यह पहचान आज की नहीं सदियों पुरानी है। जो लोक नृत्य रूपी मातृत्व ममता के नाजुक बंधनों से अपने–अपने धार्मिक परिवेश में रहते हुए भी ग्राम्य–जनों को एक छोर से दूसरे छोर तक बांधे हुए हैं। यहीं वह मर्म है। जिसमें शहद जेसी मिठास, धवल बर्फ जैसी ठंडक दूध जैसी उज्जवलता और गुलाब और बेला जैसी खुशबू है। के समस्त विकारोन्मुख बंधन ढीले पड़ जाते है इस तरह गांवों. में कौमी एकता के ठोस प्रतीक हैं. हमारे लोक नृत्य।

lxhrk flUgk

File No. CCRT/JF-3/21/2015